संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
22 फरवरी 2025, शनिवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 143
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस



# उल्लास व जुलूस के साथ हिजला महोत्सव शुरु

## मांझी थान में ग्राम प्रधान ने किया मेले का उद्घाटन

## सिंगा-सकवा, मांदर व मदानभेरी जैसे परंपरागत वाद्ययंत्र की मेले में उठी गूंज

**दुमका ब्यूरो**

**दुमका ।** मयूराक्षी नदी के तट पर शुक्रवार को उल्लास जुलूस के साथ आठ दिवसीय राजकीय जनजातीय महोत्सव का उद्घाटन ग्राम प्रधान सुनीलाल हांसदा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। एसडीओ अभिनव प्रकाश ने मंच के समीप ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग परंपरागत परिधान पहनकर पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ शरीक हुए। मेला परिसर पहुंचकर पूज्य स्थल दिसोम मारंग बुरु थान में संताल समाज के लोगों और अधिकारियों ने पूजा अर्चना किया ।



मौके पर एसडीओ, प्रशिक्षु एआईएस सहित कई अधिकारी और सामाजिक संगठन से जुड़े लोग मौजूद रहे।

-------------------------

मेले के उद्घाटन सत्र में विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके साथ ही छऊ नृत्य और नटवा नृत्य भी पेश किए गए। यह मेला जनजातीय समाज के सांस्कृतिक संकुल की तरह है। जिसमें सिंगा-सकवा, मांदर व मदानभेरी जैसे परंपरागत वाद्ययंत्र की गूंज तो सुनने को मिलती ही है। झारखंडी लोक संस्कृति के अलावा अन्य प्रांतों के कलाकार भी अपनी कलाओं का प्रदर्शन करने पहुंचे हैं।

--------------------




महोत्सव के पूरे अवधि में कृषि प्रदर्शनी, ट्राइबल म्यूजियम और विभिन्न विभागों के स्टॉल मेला में आने वाले लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ये प्रदर्शनियां न केवल झारखंड की पारंपरिक कृषि पद्धतियों और जनजातीय जीवनशैली को दर्शाती हैं,बल्कि नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता भी बढ़ाती हैं। अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि इस मेले में यहाँ की संस्कृति, लोकसंगीत की अदभुत झलक देखने को मिलती है। संथाल परगना की संस्कृति, खानपान, नृत्य, लोकसंगीत सहित जनजातीय समाज से जुड़ी कई जानकारियों का यह मेला संगम है।

जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने कहा कि यह सिर्फ मेला नहीं हमारी परंपरा हमारी संस्कृति की एक महत्वपूर्ण पुस्तक है।जनजातीय समाज की संस्कृति,संगीत,नृत्य रहन सहन सहित और भी कई महत्वपूर्ण बातों को इस मेले के माध्यम से समझा जा सकता है।उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएं इस आयोजन का हिस्सा बनाएं।

संताल परगना के तत्कालीन अंग्रेज उपायुक्त जॉन राबटर्स कास्टेयर्स के समय 3 फरवरी सन 1890 ई. में इस ऐतिहासिक मेले की नींव रखी गई थी.स्थानीय परंपरा, रीति-रिवाज और लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मेला की शुरुआत की गई थी। वर्ष 1975 में संताल परगना के तत्कालीन उपायुक्त गोविंद रामचंद्र पटवर्धन की पहल पर हिजला मेला के आगे जनजातीय शब्द जोड़ दिया गया। झारखण्ड सरकार ने इस मेला को वर्ष 2008 से एक महोत्सव के रुप में मनाने का निर्णय लिया। 2015 में इस मेला को राजकीय मेला का दर्जा प्रदान किया गया, जिसके पश्चात यह मेला राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के नाम से जाना जाता है।

--------------------

जनजाति संस्कृति की जीवंत प्रस्तुति हिजला मेला में होती है। मेले में जनजातीय फैशन शो होता है। कला मंच पर दिन भर बच्चों का क्विज, भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता और बुद्धिजीवियों के मध्य परिचर्चा का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा रात में कॉलेज विद्यार्थियों की ओर से पारंपारिक कथानकों का मंचन किया जाता है।

# आदिवासी युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रही सरकार : मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्डबीइंग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी स्टीव लेवेन्थल (यूएसए) ने मुलाकात की। इस दौरान स्टीव ने वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की ओर से आदिवासी युवाओं को सशक्त करने और उनके कल्याण की दिशा में किए जा रहे कार्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

इस मुलाकात के दौरान वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन के स्टीव ने आरोहन कार्यक्रम के जरिए आश्रम आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों में आए सकारात्मक बदलावों को भी मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने इस



अंतरराष्ट्रीय संस्था के इस राज्य के आदिवासी समाज के उत्थान और विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तार से जाना और उसकी सराहना की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है। इस राज्य की आदिवासी युवा पीढ़ी को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सहित अन्य सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें विभिन्न संस्थाओं का सहयोग काफी कारगर साबित हो सकता है। सरकार सभी के सकारात्मक सहयोग से इस राज्य को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी युवा मानसिक रूप से कैसे मजबूत हों, इसमें सरकार आपके द्वारा किए गए कार्यों का गहराई से आकलन कर आगे बढ़ेगी।

वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की झारखंड प्रभारी सुनीता मुंडा ने कहा कि यहां के आदिवासी युवाओं में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। विपरीत परिस्थितियों से भी वे लड़ने की पूरी क्षमता रखते हैं। मानसिक रूप से उन्हें थोड़ा मजबूत बनाने की जरूरत है। ऐसे में यह संस्था अपने आरोहन कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है। वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह संस्था आरोहण के जरिए बिहार की शिक्षा व्यवस्था के साथ जुड़कर काम कर रही है।

# 10वीं बोर्ड परीक्षा का पेपर लीक मामले में कोडरमा से दो गिरफ्तार, देवघर से भी जुड़े तार

**संवाददाता**

**कोडरमा ।** झारखंड 10वीं बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक मामले पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से आदेश जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने इस मामले में जांच तेज कर दी है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मामले पर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित की है। जांच टीम ने पेपर लीक मामले में 12 घंटे के अंदर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि पेपर लीक मामले पर पुलिस विभाग ने अपने साइबर सेल को विशेष निर्देश देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी हर गतिविधियों निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मरकच्चो थाना में मामला दर्ज किया गया है, दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। इनमें प्रशांत कुमार साव और आशीष कुमार साव शामिल हैं। इधर कोषागार से पेपर लीक होने की बात को उपायुक्त ने सीधे तौर पर खारिज किया है।

**कोचिंग संचालक प्रशांत कुमार साव गिरफ्तार**

हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक कराने के मामले में पुलिस ने कोडरमा जिले के जामु निवासी स्कूल कोचिंग संचालक प्रशांत कुमार साव और आशीष



कुमार साव को गिरफ्तार किया है। प्रशांत मरकच्चो प्रखंड के जामू में एक प्राइवेट स्कूल और कोचिंग सेंटर चलाता है। प्रशांत ने पुलिस को बताया कि उसे मरकच्चो निवासी प्रिंस राणा नामक छात्र ने प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया था। प्रिंस मूक-बधिर है, जो खुद इस बार परीक्षा में शामिल होने वाला था। प्रिंस अपने पिता इंद्रदेव विश्वकर्मा और मां आरती देवी के साथ इलाज के लिए बेंगलुरू गया है। बताया जा रहा है कि बेंगलुरू से वापस आने वाली ट्रेन छूट जाने की वजह से वह परीक्षा में शामिल नहीं हो पाया। पुलिस जब प्रिंस के घर पर दबिश दी तो वहां उसकी दादी और छोटा भाई गौतम मिला। प्रश्नपत्र एक व्हाट्सएप ग्रुप में मात्र 350 रुपए में बेचे गए थे। इस ग्रुप का एडमिन प्रिंस ही है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड एग्जामिनेशन से यह व्हाट्सएप ग्रुप हाल में बनाया गया था। इस ग्रुप से जुड़ने के लिए छात्रों को लिंक भेजे गए थे। इस ग्रुप में एक हजार से ज्यादा लोग जुड़े थे। ग्रुप से जुड़ने के बाद प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के बदले क्यूआर कोड से 350 रुपए मांगे गए थे। प्रश्नपत्र के पीडीएफ को अनलॉक करने के लिए पासवर्ड बनाया गया था। जिन लोगों ने रुपए का भुगतान किया, उन्हें पासवर्ड उपलब्ध कराया गया था। पेपर लीक मामले में कई कोचिंग संचालक के भी तार जुड़े होने की बात सामने रही हैं। पूछताछ में महाराष्ट्र और देवघर, गिरिडीह से भी इसके तार जुड़े होने के सबूत मिल रहे हैं जहां टीम को भेजा गया है। सभी मामलों की जानकारी जैक द्वारा बनाई गई समिति को दे दी गई है। बता दें कि झारखंड में 18 फरवरी को हिंदी और 20 फरवरी को विज्ञान की परीक्षा का आयोजन किया गया था। दोनों पेपर के प्रश्न सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। जैक के द्वारा पूछे गए प्रश्नों से जब वायरल प्रश्न पत्रों का मिलान किया गया तो कई सवाल एक समान पाए गए। जैक ने उसके बाद हिंदी और विज्ञान की परीक्षा को रद्द कर दिया था।

# महाशिवरात्रि पर बाबा मंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक, 600 रुपये में होगा शीघ्रदर्शनम

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम में भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 600 रुपये शुल्क के साथ शीघ्रदर्शनम की सुविधा जारी रहेगी। देवघर डीसी विशाल सागर ने जानकारी दी कि इस बार भी आम श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित जलार्पण को प्राथमिकता दी गई है, इसलिए वीआईपी एवं आउट ऑफ टर्न दर्शन पर पूरी तरह रोक लगाई गई है।

**श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध**

आम कतार के साथ शीघ्रदर्शनम टिकट 600 रुपया की सुविधा मिलेगी। वीआईपी दर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा ताकि सभी श्रद्धालु समान रूप से दर्शन कर सकें। प्रशासन



ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य भक्तों को सुगमतापूर्वक और सुरक्षित दर्शन कराना है, जिससे कोई भी श्रद्धालु असुविधा महसूस न करे। महाशिवरात्रि के दौरान मंदिर प्रशासन और सुरक्षा बल पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे।

# 22 रेलवे स्टेशन से हुई करोड़ों की कमाई बैंक तक नहीं पहुंची, कैश लिफ्टर ने की करोड़ों की हेराफेरी, एफआईआर दर्ज

**संवाददाता**

**धनबाद ।** धनबाद रेल मंडल के 22 रेलवे स्टेशन से बैंकों में जमा कराने भेजी गई करोड़ों की रकम रास्ते में ही गायब हुई। कैश ले जाने वाली कंपनी के लिफ्टरों ने ही रेलवे की करोड़ों की राशि की हेराफेरी की। इसमें स्टेट बैंक की अधिकृत एजेंसी राइटर सेफ गार्ड लिमिटेड (डब्ल्यूएसजी) के एजेंट शामिल थे।

मामला सामने आने के बाद रेलवे ने जांच शुरू की। रेलवे का वित्त विभाग हेराफेरी की जांच में जुड़ा है। सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने बताया कि 22 में से 14 स्टेशन से जुड़े मामले में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। अन्य आठ स्टेशन के लिए एफआईआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जल्द ही एफआईआर दर्ज होगी। धनबाद रेल मंडल के 22 स्टेशन के टिकट आय की राशि में हुई हेराफेरी को लेकर वित्त विभाग आंकड़े खंगाल रहा है। वर्ष 2020 से 2024 तक के वित्तीय वर्ष का आकलन हो रहा है।

रेलवे की प्रारंभिक जांच में साल 2023 व 2024 में ही साढ़े सात-आठ करोड़ की हेराफेरी की बात सामने आई है। 2020 से अब तक की जांच पूरी होने पर हेराफेरी की रकम 25 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। धनबाद मंडल के रेलवे स्टेशनों से बैंक तक पैसा पहुंचाने वाले लिफ्टरों को एसबीआई की ओर से अधिकृत एजेंट के तौर पर आई कार्ड व विशेष नंबर जारी किए थे। साथ ही उन्हें स्क्रैच कार्ड भी दिया गया था।

पूर्व मध्य रेल ने साल 2016 में स्टेट बैंक आफ इंडिया के साथ समझौता किया था। इसके तहत छोटे स्टेशन से प्राप्त होने वाली आय की रकम बैंकों में उनके एजेंट कैश लिफ्टर को सौंपा जाता है। कैश लिफ्टर वाणिज्य पर्यवेक्षक से ट्रेजरी रेमिटेंस नोट की तीन प्रतियों के साथ बैंक में रुपये जमा कराने ले जाते हैं। दो प्रति बैंक को तथा तीसरी बैंक की मुहर के साथ रेलवे के वाणिज्य पर्यवेक्षक को लौटा दी जाती है। जांच में पाया गया कि कैश लिफ्टर ने रुपये ले लिये पर बैंक में पूरी राशि जमा नहीं करते थे।

# छत्तीसगढ़ रेय मायाम गोहायेना पलामू रेन हो़पो़न

**खोबोरिया**

**पलामू।** छत्तीसगढ़ रे होयेन नक्सली हमला रे पलामू रेन लाल सीआरपीएफ जवान महिमा शुक्ला दो़य मायाम गोहायेना। 11 फ़रवरी हिलोक् छत्तीसगढरेयाक् दंतेवाड़ा रे आईईडी विस्फोट रे पलामू जिला रेयाक्नीलांबर पितांबरपुर (लेस्लीगंज) रेयाक् कमलकेडिया रेनताहेंनोक्इच् महिमा शुक्ला दो़ आ़डी काजाके जो़खो़म लेना। उनीयाक् बानार जांगा जो़खो़मलेन ताया। उनीयाक् रान-मुरगा़न चालाक्कान ताहेंकाना। नोआ तोंगे रे सा़रदीमाहां हिलोक् उनी दो़यबेंडावेना। जा़रूममाहां हिलोक् सेताक् जवानाक् गो़च् हो़ड़मो़ दो़ओनको ओड़ाक् तेको आ़गुकेत् ताया आर ओना तायो़म पो़नो़तिया़सोनमान सालाक्को बाय-सांवहां केदेया। मुचा़त् बिदा़ई एमाय ला़गित्आयमा हो़ड़को जारवावाकान ताहेंकना। महिमा शुक्ला अमर रहे रेयाक् आंदोड़को रा़गा़उ केदा। उन ओ़कते जो़तो़ हो़ड़ाक् मेंत्हां दो़ मेंत् दाक् सालाक् ते मुलिन आकान ताहेंकाना। चतरा सांसद कालीचरण सिंह, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहतासांवते आयमा हो़ड़ जवानको एमादेया सलामी।महिमा शुक्ला दो़ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) रे हवलदार रेयाक् पद रेय ताहंकाना। 11 फ़रवरी हिलोक् महिमा शुक्ला दो़ नक्सल विरोधी लाड़ावना रेय ओडोडाकान ताहेंकाना।




उन ओ़कते गे आईईडीरेयाक् चापो़ट रेय पाड़ावेना। नोआ विस्फोट रे उनीयाक् बानार जांगा गेजेरेन ताया। उनी दो़ रान ओचोये ला़गित् छत्तीसगढ़ रेयाक् रायपुर रेको भुरती ओचो लेदेया। उनी दो़ 10 दिन हा़बिच् अस्पताल रेभुरती आकाने ताहेंकाना। नोंडे रान-मुरगा़न ताला रे गे उनी दो़यबेंडावेना। उनीये मायाम गोहायेन रेयाक् खो़बो़र जाम सांवते गोटा पलामू रे दुक रिमिल राकाप् एना। आपात ओ़ड़ाक् कमलकेड़िया दो़नित दुक रे उनुम आकाना। महिला शुक्ला दो़ आयमा दिन खो़न छत्तीसगढ़रे नक्सल विरोधी लाड़ावना रेय ताहेंकाना। बाय सांवहाये ओ़कते चतरा सांसद, कालीचरण सिंह, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता छाडा सीआरपीएफ आईजी साकेत कुमार सिंह, पलामू डीआईजी वाईएस रमेश,सीआरपी डीआईजी पंकज कुमार हो़ं सलामीय एमादेया। सांवते पलामू जिला प्रशासन रेन आयमा अधिकारी हो़ंको सेटेराकान ताहेंकाना।

# हेमंत सरकार के मंत्रियों को मिला बंगला

**संवाददाता**

**रांची ।** हेमंत सरकार ने शुक्रवार को रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी में बनाए गए बंगलों को कैबिनेट के सभी मंत्रियों को आवंटित कर दिया। इस संबंध में भवन निर्माण विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग ने कहा है कि आवंटित आवासीय भवन, आवासीय परिसर में किसी भी तरह का निर्माण एवं परिवर्तन बिना अनुमति के नहीं किया जा सकता है। वहीं, पहले से किसी मंत्री को कोई आवास आवंटित है तो वह स्वतः अब रद्द हो



जायेगा। जारी आदेश के अनुसार वित्तर मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बंगला संख्या-तीन, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरूआ को बंगला संख्या-आठ, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा को बंगला संख्या-सात, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव को बंगला संख्या- 11, स्कूली शिक्षा साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन को बंगला संख्या-दस, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को बंगला नंबर चार, जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन को बंगला नंबर-छह, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को बंगला संख्या-नौ, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद को बंगला संख्या-पांच, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार को बंगला संख्या- एक, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को बंगला संख्या - दो आवंटित किया गया है।

# बिहार के भोजपुर में प्रयागराज से लौट रहे तीर्थयात्रियों की कार ट्रक से टकराई, छह की मौत

**एजेंसी**

**पटना ।** बिहार के भोजपुर जिले में प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे कार सवार छह तीर्थयात्रियों की आज सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों में दंपति और उनके दो बच्चे भी हैं। यह हादसा राजधानी पटना से 40 किलोमीटर पहले आरा-मोहनिया नेशनल हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हनगंज बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। तीर्थयात्रियों की कार ने खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी।



कार सवार परिवार पटना के जक्कनपुर का रहने वाला था। मृतकों में चार महिलाएं और दो पुरुष हैं।

## तेज रफ्तार क्रूजर ट्रक में घुसी, पांच की मौत

**वाराणसी ।** उप्र के वाराणसी से प्रयागराज जाने वाले हाईवे पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत और बचाव शुरू किया।

# शिव बारात में दहाड़ेगा हापिया हूप, ड्रैगन का भयानक चेहरा करेगा रोमांचित

## देवघर में महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक शिव बारात, 12 ऊंट और 40 घोड़े करेंगे शोभायात्रा

**शेखर सुमन**

**देवघर।** द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में महाशिवरात्रि (26 फरवरी) के अवसर पर झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। इस बारात को आकर्षक और ऐतिहासिक बनाने के लिए झांकियों के निर्माण का कार्य तेज़ी से जारी है।

**विशेष झांकियां और आकर्षण**

इस शिव बारात में हापिया हूप, कलकासुर और द्वादश ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति प्रमुख आकर्षण रहेंगे। इन झांकियों को प्रसिद्ध कलाकार मार्कण्डेय जजवाड़े उर्फ पुटरु और लक्ष्मण राउत की टीम तैयार कर रही है।




जोर शोर से चल रही है शिवरात्रि की तैयारी

**हापिया हूप भयानक ड्रैगन का चेहरा**

शिव बारात में हापिया हूप एक डरावने ड्रैगन के रूप में दिखेगा। जब यह हाफी लेगा (सांस छोड़ेगा), तो उसके मुंह से एक भयावह ड्रैकूला निकलेगा, जो दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण होगा। जिसकी लंबाई- 20 फीट, चौड़ाई- 8 फीट, ऊंचाई 12 फीट है। वही कलकासुर, शांति और अशांति का संदेश पहला रूप में हाथ जोड़कर शांति का संदेश देगा। दूसरा रूप में हथियारों के साथ अशांति फैलाने का प्रतीक होगा ऊंचाई 14 फीट, चौड़ाई- 7 फीट, लंबाई 7 फीट अन्य भव्य झांकियां और आयोजन में बाल शिव-पार्वती की झांकी,मोबाइल के दुष्प्रभाव पर संदेश देती झांकी,छऊ नृत्य और परफॉर्मिंग आर्ट्स का प्रदर्शन,साथ ही 12 ऊंट, 40 घोड़े और 30 मानव कंकाल शिव बारात में होंगे शामिल। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर देवघर में भव्य और ऐतिहासिक शिव बारात निकलेगी, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

# झारखंड विस बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, भाजपा-आजसू रहे अनुपस्थित

संवाददाता



रांची । झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाजपा और आजसू ने हिस्सा नहीं लिया। बैठक में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, विधायक प्रदीप यादव, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, राजद विधायक सुरेश पासवान और जदयू विधायक सरयू राय शामिल हुए। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि सदन के सुचारू संचालन के लिए विपक्ष का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की गैर-मौजूदगी पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे सदन के संचालन में कठिनाई होती है। उन्होंने कहा, ÷गाड़ी के दो पहियों में से एक न हो तो तकलीफ होगी ही।÷विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा को बैठक में शामिल होने के लिए पत्र भेजा गया था, लेकिन पार्टी के किसी भी प्रतिनिधि ने इसमें भाग नहीं लिया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मूल बजट पर दो दिनों तक चर्चा होगी और तीन मार्च को बजट पेश किया जाएगा।बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भाजपा विधायक दल के नेता को लेकर सवाल किया गया, जिस पर उन्होंने कहा, ÷भाजपा वाले विधायी प्रक्रिया अच्छे से जानते हैं। इसपर मुझसे क्या सुनना चाहते हैं? यह सत्र चलेगा और उम्मीद है कि सभी सदस्य अपने क्षेत्र और राज्य के मुद्दों को सदन में रखेंगे।

# अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक के विरोध में सड़क पर उतरे अधिवक्ता, जताया विरोध

संवाददाता




रांची । राजधानी रांची के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक - 2025 के विरोध में सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। विधेयक के विरोध में रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से दूर रहे, जिससे कई मामले प्रभावित हुए। वहीं अधिवक्ता एकजुट होकर सिविल कोर्ट स्थित नए बार भवन परिसर में जुटे और वहां से अल्बर्ट एक्का चौक पर पैदल मार्च निकाल कर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल और महासचिव संजय विद्रोही ने किया। मौके पर अधिवक्?ताओं ने कहा कि यह विधेयक पूरी तरह से अधिवक्ता की स्वतंत्रता के खिलाफ है। इसे अधिवक्ता समाज नहीं मानेगा। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में प्रावधान किया गया है कि यदि अधिवक्ता की लापरवाही या कदाचार के कारण उनके मुवक्किल को नुकसान होता है तो प्रस्तावित नए कानून के तहत उनको इसकी भरपाई करनी होगी। इसके अलावा यदि किसी अधिवक्ता के साथ किसी प्रकार की घटना घटती है और उस पर कार्यवाही नहीं होने के बावजूद अब वे कार्य बहिष्कार कर विरोध नहीं जता पाएंगे। विरोध प्रदर्शन में कई अधिवक्ता शामिल हुए।

# धनबाद में 1 करोड़ से अधिक की नकली शराब जब्त, तीन गिरफ्तार



संवाददाता

धनबाद । निरसा,गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को उत्पाद विभाग की टीम ने निरसा अनुमंडल अंतर्गत गल्फरबाड़ी ओपी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के समीप चारदिवारी के अंदर अवैध शराब के मिनी फैक्ट्री का उदभेदन किया है जिसकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए से अधिक की बताई जाती है मौके से करीब 2000 पेटी अवैध शराब जब्त किया गया है जिसमें विभिन्न ब्रांड के शराब और खाली बोतल , रैपर और कैप ,ड्राम और उपकरण बरामद की गई है,बताया जाता है कि चारदीवारी के अंदर पूरे सुनियोजित तरीके से अवैध शराब की रिफिलिंग और लेबलिंग के साथ इसे होटलों ढाबों में खपाने के साथ दूसरे जिलों में भी भेजा जाता था छापेमारी के दौरान तीन धंधेबाज को उत्पाद विभाग की टीम ने मौके से गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि सहायक उत्पात आयुक्त रामलीला रवानी को गुप्त सूचना मिली थी और उनके नेतृत्व में टीम ने छापेमारी कर बड़ी सफलता हासिल की है छापेमारी टीम में उत्पाद विभाग के कुमार सतेंद्र ,धमन कुजूर, गौतम कुमार महतो,जितेंद्र कुमार सिंह,अमित कुमार शामिल थे।

## बाइकसवारों ने महिला से छीने डेढ़ लाख रुपये

रांची । धुर्वा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक महिला से डेढ़ लाख रुपये की छीन लेने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार महिला बिन्दु देवी अपने देवर के साथ धुर्वा स्थित एसबीआई बैंक गयी थी। उसे अपनी बेटी का नर्सिंग में एडमिशन करवाने के लिए पैसे निकालने थे। बैंक से डेढ़ लाख रुपये निकालने के बाद वह घर जा रही थी, इसी दौरान पहले से घात लगाये पल्सर बाइकसवार अपराधियों ने बिंदु देवी के पैसे झपट्टा मारकर छीन लिये और फरार हो गये। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## डीजीपी ने की सहारा से संबंधित दर्ज कांडों की समीक्षा

रांची । डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में सहारा ग्रुप से संबंधित दर्ज कांडो की समीक्षा की। डीजीपी ने एडीजी सुमन गुप्ता, आईजी असीम विक्रांत मिंज समेत अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में अपराध अनुसंधान विभाग के जरिये सहारा ग्रुप से संबंधित कांडों का किये जा रहे अनुसंधान के मद्देनजर व्यापक रूप से समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में डीजीपी द्वारा सहारा ग्रुप से संबंधित लंबित कांडों में त्वरित गति से अनुसंधान करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने का सार्थक प्रयास करने, अनुसंधान के क्रम में अनुसंधानकर्ता को आधुनिक तकनीक और डेटा विश्लेषण उपकरणों का प्रयोग करने, काण्डों के पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये साक्ष्य का गहराई से विश्लेषण कर दोषियों पर यथाशीघ्र कार्रवाई करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा

पलामू । पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज अभिमन्यु कुमार की अदालत ने शुक्रवार को नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित रामेश्वर सिंह को दोषी पाते हुए 10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस संबंध में छतरपुर के बिषयपुर के राजनारायण सिंह (बदला नाम) ने छतरपुर थाना में रामेश्वर सिंह के विरुद्ध कांड संख्या 50/2022 दिनांक 26.5.2022 को भारतीय दंड विधान की धारा 376, 323, 504, 506 और पोक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के अंतर्गत नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप था कि 23 मई 2022 की शाम पीड़िता अपने गांव में शादी में शामिल होने गई थी। शादी की बारात देखकर पीड़िता लघुशंका करने गई। उसी समय आरोपित ने पीड़िता को पकड़कर उसका मुंह बंद कर दिया और ज़बरदस्ती हरहरवा पहाड़ स्थित जंगल की तरफ ले गया। पीड़िता को तीन दिनों तक जंगल मे रखा तथा उसकी मर्जी के बिना उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के तीन दिन बाद पीड़िता किसी तरह आरोपित के चंगुल से निकल कर भागी एवं घर आकर घटना के सम्बंध में अपने माता पिता को बताई। पीड़िता अपने माता पिता के साथ थाना जा रही थी तो आरोपित के भाई ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की थी। घटना के समय पीड़ित की उम्र 14 वर्ष थी।

## भाजयुमों ने फूंका सीएम व शिक्षा मंत्री का पुतला



रांची । भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर ने झारखंड में हो रही माध्यमिक बोर्ड परीक्षा की विज्ञान, संस्कृत और हिंदी के पेपर लीक के विरोध में शुक्रवार को हरमू रोड स्थित गाड़ीखाना चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षामंत्री का पुतला फूंका। इस मौके पर मोर्चा के कार्यकताओं ने सरकार के विरोध में नारेबाजी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने किया। मौके पर मोर्चा के शशांक राज ने कहा कि जबसे राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है सभी परीक्षाओं का पेपर लीक हो रहा है। राज्य में लगातार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवा मोर्चा, राज्य के युवाओं के साथ मजबूती से खड़ा है। रोमित नारायण सिंह ने कहा कि पेपर लीक की घटना की जिम्मेवारी लेते हुए नैतिकता के आधार पर जैक अध्यक्ष को इस्तीफा देना चाहिए। कार्यक्रम में सुरेश शर्मा, राहुल चौधरी, ओम प्रकाश, धर्मेंद्र शुक्ला, उज्जवल मिश्रा, रोहित सिंह, शुभम कुमार, राहुल कुमार, रंजीत नाथ सहित सहित अन्य मौजूद थे।

# आईएएस पूजा सिंघल को बड़ी राहत, विभाग नहीं देने की मांग वाली ईडी की याचिका खारिज

संवाददाता



रांची । रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि पूजा सिंघल को कोई विभाग ना दिया जाये।
इस आदेश से पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है। ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी करने के बाद कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया है।
ईडी ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह कहा कि अगर पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं, लेकिन कोर्ट ने यह माना है कि पूजा सिंघल को पोस्टिंग देने का अधिकार राज्य सरकार को है और कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगा।
कोर्ट ने जो शर्तें लगाई थीं, वे पहले ही काफी हैं और कोर्ट को और शर्तें जोड़ने की जरूरत महसूस नहीं होती।
उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला की आरोपित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इससे पहले पांच मई 2022 को ईडी ने पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद हुई थी।
पूजा सिंघल को दिसंबर महीने की 7 तारीख को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं, लेकिन कानूनी प्रावधानों के अनुसार, जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है। फिलहाल सरकार ने पूजा सिंघल को सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग की सचिव बनाया है।

# जसीडीह-बाबाधाम के बीच मेमू ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से रद्द

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। जसीडीह बाईपास लाइन के निर्माण कार्य के तहत रेल अंडर रेल ब्रिज नंबर क्क1 के निर्माण के कारण जसीडीह जंक्शन और बैद्यनाथधाम के बीच मेमू ट्रेनों का परिचालन चार महीने के लिए रद्द किया गया था।
पहले यह रद्दीकरण 24 अक्टूबर 2024 से 24 फरवरी 2025 तक निर्धारित था, जिसे अब 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया है। रद्द की गई ट्रेनें में 63169 जसीडीह बैद्यनाथधाम मेमू,63151 जसीडीह बैद्यनाथधाम मेमू,63153 जसीडीह बैद्यनाथधाम मेमू,63155 जसीडीह - बैद्यनाथधाम मेमू,63157 जसीडीह बैद्यनाथधाम मेमू,63159 जसीडीह बैद्यनाथधाम मेमू,63161 जसीडीह बैद्यनाथधाम मेमू,63163 जसीडीह - बैद्यनाथधाम मेमू,63165 जसीडीह बैद्यनाथधाम मेमू,63167 जसीडीह बैद्यनाथधाम मेमू,63154 बैद्यनाथधाम जसीडीह मेमू,63156 बैद्यनाथधाम जसीडीह मेमू,63158 बैद्यनाथधाम जसीडीह मेमू 63160 बैद्यनाथधाम जसीडीह मेमू,63162 बैद्यनाथधाम जसीडीह मेमू,63164 बैद्यनाथधाम जसीडीह मेमू,63166 बैद्यनाथधाम जसीडीह मेमू,63168 बैद्यनाथधाम जसीडीह मेमू इसके अलावा, 63562 एवं 63570 बैद्यनाथधाम-आसनसोल मेमू को जसीडीह से ही शुरू किया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पहले अपने ट्रेन शेड्यूल की जानकारी प्राप्त करें।

# सहकारिता के माध्यम से स्वरोजगार के नये अवसर उत्पन्न होंगे : मंत्री

संवाददाता



खूंटी । कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नये अवसर उत्पन्न किए जा सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए सहकारी समितियों को मजबूत करने पर जोर दिया।
मंत्री ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का ज़िक्र करते हुए खूंटी जिले में लाह की खेती को बड़े पैमाने पर उपजाने और इसे देश-विदेश तक पहुंचाने की बात कही। मंत्री शुक्रवार को सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र, फूदी (खूंटी) में सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड), रांची द्वारा कृषि एवं वनोपज आधारित ग्रामीण स्वरोजगार सृजन विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी।
इसकें पूर्व उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर वृक्षारोपण किया और सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र में बने प्रशिक्षण कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया। इसके सुचारू रूप से संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## महाकुंभ मेले को लेकर कई ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित

हावड़ा। महाकुंभ मेले के मद्देनजर रेलवे ने ट्रेनों की आवाजाही को विनियमित करने का निर्णय लिया है। इस दौरान कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द किया गया है, जिससे यात्रियों को अपनी यात्रा योजनाओं में बदलाव करना पड़ सकता है। रद्द की गई ट्रेनें में 12312 कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस 22 और 23 फरवरी तक। 12311 हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस 22 और 23 फरवरी तक 22308 बीकानेर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 22 फरवरी तक,22307 हावड़ा-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 24 फरवरी तक,12176 ग्वालियर-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस 22 फरवरी तक 12175 हावड़ा-ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस (23 फरवरी तक,22911 इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस 22 फरवरी तक 22912 हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस 22 फरवरी तक अस्थायी रूप से रद्द किया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जांच कर लें। असुविधा के लिए रेलवे ने खेद प्रकट किया है और यात्रियों से सहयोग की अपील की है।

## कंटेनर के चपेट में आने से युवक की मौत

हंसडीहा(दुमका) । हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका हँसडीहा मुख्य मार्ग पर हंसडीहा स्थित पंचवटी होटल के समीप शुक्रवार के रात तेज रफ्तार कंटेनर के चपेट में आने से सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान मोहरा गांव के रहने वाले 30 वर्षीय नजीर पुजहर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नजीर पुजहर अपने गांव से बारात में शामिल होकर रामगढ़ के पथरिया गांव गए थे जहां से लौटने के क्रम में हंसडीहा स्थित पंचवटी होटल के सामने बारात गाड़ी कुछ देर के लिए रुकी थी।इसी दौरान पैदल सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार कंटेनर ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई ।

## साईं नाथ विवि में खेल महोत्सव का आयोजन




रांची । साईं नाथ विश्वविद्यालय, राँची में दो दिवसीय अंतर विभागीय वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 20 फरवरी से 21 फरवरी तक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो0 (डॉ0) एस0 पी0 अग्रवाल ने ध्वाजारोहण के साथ किया। जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 100 मीटर से 1500 मीटर दौड, शॅट पुट, डिस्कस थ्रो और टग ऑफ वॉर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें छात्र-छात्राओं ने अद्भुत खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के दौरान छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ओर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। कुलपति- प्रो0 (डॉ0) एस0 पी0 अग्रवाल ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कुलपति- प्रो0 (डॉ0) एस0 पी0 अग्रवाल ने कहा कि यह खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिताओं का मंच नहीं है, बलिक यह अनुशासन, परिश्रम, टीम वर्क और आत्मविश्वास के गुणों को विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। आप सभी ने अत्यंत जोश और समर्पण के साथ भाग लिया। आप सभी ने खेल भावना, समर्पण और अनुशासन का जो परिचय दिया है, वह सराहनीय है।

## एसबीयू में विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन



रांची । सरला बिरला विश्वविद्यालय में आज युवाओं में भावनात्मक और व्यावहारिक मुद्दों पर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता और उनके मनोवैज्ञानिक विकास को बढ़ावा देने के लिए था। इस अवसर पर प्रसिद्ध क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. भूमिका सच्चर मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित हुई। अपने संबोधन में डॉ. भूमिका सच्चर ने उपस्थित श्रोताओं के समक्ष तनाव, अवसाद, सोशल मीडिया के प्रभाव और युवाओं की मानसिक चुनौतियों पर चर्चा की और उनके समाधान बताए। इसके बाद छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों ने इंटरएक्टिव सत्र में भाग लिया, जहां उन्होंने डॉ. सच्चर से मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित कई सवाल पूछे। एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक एवं माननीय कुलपति प्रो.सी.जगनाथन की गरिमामयी उपस्थिति में विशेषज्ञ वार्ता कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. वी सामंता , डॉ. आलोक कुमार, डॉ आर. के. सिंह, श्रीमती अंजली मिश्रा एवं विवि के अन्यान्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विधि विभाग की प्रभारी सुश्री कोमल गुप्ता ने स्वागत एवं श्री राजीव रंजन ने धन्यवाद भाषण दिया।

## बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित

# तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करेगा बजट : डॉ प्रदीप वर्मा

संवाददाता




रांची । सिल्ली -भाजपा रांची जिला ग्रामीण ने सिल्ली स्थित धर्मशाला में बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो वित्तीय वर्ष 2025 - 26 का बजट पेश किया है वह बजट देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक पटेल पर जबरदस्त उछाल देने वाला बजट है। यह बजट भारतवासियों के एवं पीएम मोदी के लक्ष्य जो विश्व की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश बनने पर इस सपने को साकार करता है। बजट में मध्यम वर्ग के लिए प्रति माह 1 लाख रुपए आय वाले परिवारों के लिए टैक्स फ्री किया गया है।को भारत सोने की चिड़िया बने इसके लिए केंद्रीय बजट में कृषि क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के अंतर्गत 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इनमें 100 निम्न उत्पादन वाले जिलों को शामिल किया जाएगा। अरहर ,उड़द व मसूर पर विशेष ध्यान देते हुए दालों में आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया जाएगा। संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक ने किया। मौके पर भगीरथ महतो, मनोज साव, अजित साहू,विनय साव,राजेश अग्रवाल, गणेश साहू, नरोत्तम गोराई,पिन्टू साव, प्रवीण गुप्ता,भागवत सोनार, प्रमोद अग्रवाल,शायन त्रिपाठी , वीणा देवी, स्नेहलता देवी,अमिता कुमारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# संताली भाषा को प्रथम राजभाषा की मांग को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता




रांची । आदिवासी सेंगेल अभियान के तहत यूनेस्को द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के शुभ अवसर में झारखंड में संताली भाषा को प्रथम राजभाषा की मांग को लेकर जैना मोड़ स्थित तिलका मुर्मू चौक से नयामोड़,स्थित बिरसा मुंडा चौक होकर उपायुक्त कार्यालय तक संकल्प के साथ संताली प्रथम राजभाषा बाईक रैली प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व सेंगेल बोकारो जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने किया। इससे पहले सभी सेंगेल के नेतागण ने शहीद तिलका मुर्मू चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया। वहां से बाईक रैली रवाना करते हुए शहीद बिरसा मुंडा चौक पर भी उनके चित्र में भी माल्यार्पण कर उपायुक्त कार्यालय तक बाईक रैली किया। तत्पाश्चत सेंगेल के सात प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम उपायुक्त श्रीमती जाधव विजया नारायण राव के मार्फत ज्ञापन पत्र सौंपा। 21 फरवरी 2025 अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस है। जिसे 21 फरवरी 1952 को बंगला भाषा के लिए आंदोलनरत विधार्थियों को ढाका विश्वविद्यालय,तब पूर्वी पाकिस्तान में पुलिस प्रशासन द्वारा गोलियों से भून दिया गया था और अनेक भाषा प्रेमी आंदोलनकारी विधार्थी शहीद हो गये थे। ज्ञापन पत्र सौंपने वाले सात प्रतिनिधि मंडल का नाम केन्द्रीय संयोजक हराधन मार्डी, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू,झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा,जयराम सोरेन,सुगदा किस्कू,सेंगेल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता सोरेन आदि। बाईक रैली में बोकारो जिला संयोजक गोपीनाथ मुर्मू,पेटरवार सेंगेल विडियो विजय मरांडी,कालीचरण किस्कू, संजय टुडू,राजेश मुर्मू,भुटेल टुडू,करमचद मुर्मू,उपेन्द्र हेम्बरम,विजय मार्डी,बुटान बेसरा आदि महिला पुरूष शामिल थे।

## इंटक नेताओं ने संसद सुखदेव से की मुलाकात



देवघर संताल एक्सप्रेस । देवीपुर एम्स के कार्यक्रम में शामिल होने आए सांसद व एम्स के प्रबंधन समिति के सदस्य सुखदेव भगत से देवघर परिसदन में देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा एवं झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया.मुलाकात के दौरान इंटक नेताओं ने देवीपुर प्रखंड के जीत जोरी एवं रामुडीह पंचायत के रामपुर,उत्तमपुर,एवं सुल्तानपुर गांव के विस्थापितों तथा स्थानीय ग्रामीणों के साथ हो रहे भेदभाव के मामले से उन्हें अवगत कराया। इंटक के नेताओं ने सुखदेव भगत से कहा कि देवीपुर स्थित एम्स में बाहरी लोगों की बहाली पर रोक लगाकर विस्थापितों परिवार के सदस्यों की बहाली को एम्स डायरेक्टर द्वारा प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, प्राथमिकता नहीं दिए जाने के कारण विस्थापित परिवार के सदस्यों को तथा बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए राज्य से बाहर पलायन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है इतना ही नहीं झारखंड सरकार के निर्णय के अनुसार 75त्न स्थानीय व्यक्तियों को भी बहाली में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है तथा साथ ही निबंधित गोचर एवं गैर निबंधित गोचर की जो जमीन एम्स द्वारा ली गई है उस जमीन के बदले भी एम्स गोचर जमीन उपलब्ध नहीं कर रही है।

## शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का तीसरा दिन, भक्ति और आस्था से गूंजा माहौल

मिहिजाम- कानगोई स्थित काली मंदिर के समीप शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन भक्तिमय आयोजन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ, अभिषेक और भक्ति जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उमड़ी। भक्ति संध्या में झाझा, बिहार की लोकप्रिय भोजपुरी गायिका सरगम स्नेहा ने अपनी सुरीली आवाज से माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनकी टीम ने भी भक्ति संगीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन का नेतृत्व मंदिर कमेटी 16 आना वर्ग ने किया। भक्तों ने भजन-कीर्तन में लीन होकर भगवान शिव की भक्ति में खुद को समर्पित किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ और अभिषेक का आयोजन हुआ, जिससे वातावरण पवित्रता और आध्यात्मिकता से भर उठा। मंदिर कमेटी के प्रयासों से यह आयोजन सफल और यादगार रहा। इस भक्ति संध्या ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और भगवान शिव की कृपा का अनुभव कराया।

## घुसपैठियों का मुद्दा उठाने को लेकर पूर्व विधायक को मिली धमकी

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज शुक्रवार राजमहल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा को फोन पर मिली धमकी को लेकर थाने में आवेदन दिया।मामले को लेकर बीजेपी नेता अनंत ओझा ने बताया कि वे पूर्व से ही झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाते रहे है।जिसको लेकर उनको फोन कर धमकाया गया है।वही मामले को लेकर जिला पुलिस कप्तान ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है मामले की जांच शुरू कर दी है ।जल्द ही इसकी तह तक पहुंचा जायेगा।

## झारखंड में शिक्षा व्यवस्था पर गहरा धब्बा- हेमंत सरकार का पुतला फूंका



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहिबगंज/झारखंड बोर्ड की कक्षा 10 की परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राज्यभर में उग्र आंदोलन छेड़ दिया है। इस घोटाले के खिलाफ आज झारखंड के विभिन्न जिलों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। साहिबगंज नगर में भी शहर के स्टेशन चौक पर जोरदार प्रदर्शन हुआ, जिसमें झारखंड प्रांत की प्रांत सह मंत्री सुनिधि कुमारी व प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक मुख्य रूप से उपस्थित रहे । नगर मंत्री अविनाश साह ने भी इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप- छात्रों के भविष्य से किया जा रहा खिलवाड़ प्रांत सह मंत्री सुश्री सुनिधि कुमारी ने झारखंड सरकार पर छात्रों की आवाज दबाने और शिक्षा माफियाओं को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भ्रष्ट झारखंड सरकार प्रदेश के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। जबका प्रतिनिधिमंडल छ्वष्ट (झारखंड एकेडमिक काउंसिल) के चेयरमैन से मिलने गया, तो उन्हें जबरन मिलने से रोका गया। इससे साफ है कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए छात्रों को हतोत्साहित कर रही है।कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और गिरफ्तारीझारखंड सरकार अपनी नाकामी को छिपाने के लिए दमनकारी नीति अपना रही है।के प्रदर्शन के दौरान प्रशासन ने परिषद के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करवाया, जिससे कई कार्यकर्ता घायल हो गए। इसके अलावा, कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इस बर्बर कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए सुश्री सुनिधि ने कहा, जब सरकार युवाओं की आवाज नहीं दबा सकी, तो उसने प्रशासन का दुरुपयोग कर हमारे कार्यकर्ताओं को पीटना और गिरफ्तार करना शुरू कर दिया। लेकिन कभी भी छात्रों के अधिकारों की लड़ाई से पीछे नहीं हटेगा।राज्यभर में जल रहा हेमंत सरकार का पुतला झारखंड में इस पेपर लीक घोटाले को लेकर पूरे राज्यभर में द्वारा आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया जा रहा है।

## विधायक ने पेट्रोल पंप का किया उद्घाटन



उधवा ।उधवा -तीनपहाड़ राजमहल मुख्य सड़क के लालबन बाईपास सड़क के समीप शुक्रवार को राजमहल विधायक एमटी राजा जी ने नए पेट्रोल पंप राज फ्यूल्स का फीता काटकर उद्घाटन किया।इस दौरान एमटी राजा जी ने कहा कि यह पेट्रोल पंप खुलने से आसपास के वाहन चालकों सहित इधर से गुजरने वाले सभी वाहन चालकों इस जगह पर डीजल पेट्रोल भरवाने में काफी आसानी होगी मौके पर राजेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, बीरेंद्र सिंह, सत्यनारायण यादव, मो नाजिम, मुर्शिद राजा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।वहीं विधायक प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के कचहरी मोड़ में एक नए फर्नीचर दुकान का शुभारंभ विधायक एमटी राजा जी ने फीता काटकर किया। इस दौरान सत्यनारायण यादव, तहुर अहमद, अयूब अली, मो हारुन, नसीम शेख सहित अन्य मौजूद थे।

## अभाविप कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन



**बोरियो,साहिबगंज।**बोरियो बाजार यादव मोड़ मे शुक्रवार को पेपर लीक होने के विरोध व जैक अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपने जा रहे अभाविप कार्यकर्ताओं को गिरफ़्तार करने के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जिला संयोजक संजय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। इस दौरान हेमनत सोरेन मुर्दाबाद तख्तियां लिए कार्यकर्ताओं ने कहा हेमंत सोरेन मैट्रिक इंटर परीक्षा सफल तरीके से नहीं करा पा रहे हैं।वहीं कहा कि जैक अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपने जा रहे अभाविप कार्यकर्ताओं को गिरफ़्तार करवा के अपनी नाकामी छुपाने की कोशिश कर रही है। विद्यार्थी परिषद किसी भी कीमत पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ पर चुप नही रहेगी। पेपर लीक करने वाले आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग करेंगी।मौके पर दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजुद रहे।

# ब्रहमा,विष्णु,शंकर के रचयिता होने के कारण शिव को त्रिमूर्ति कहते हैं: राजयोगिनी किरण




**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज प्रजापिता ब्रहमाकुमारी** ईश्वरीयविश्वविश्यालय,साहिबगंज शाखा के मुख्य सेवाकेन्द्र छोटा पंचगढ़ जिरवाबाड़ी,राजेश सिंह एवं डा अजय कुमार सिंह के मकान में महावरात्रि का कार्यक्रम आध्यात्मिक तरीके से मनाया गया है।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कोलकाता,बारानगर सेवाकेन्द्र की प्रभारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी किरण दीदी उपस्थित रही।किरण दीदी ने महाविवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि महाशिवरात्रि सारी सृष्टि की समस्त मनुष्य आत्माओं के परमपिता के अवतरण का यादगार पर्व है।इसलिए यह अन्य सभी जन्मोत्सव वा जयंतियों की तुलना में सर्वोत्कृष्ट है।उन्होंने बताया कि भारत के कोने-कोने शिव के लाखों मंदिर है।जिसमे शिव की प्रतिमा शिवलिंग के रूप में पाई जाती है।कशमीर में अमरनाथ,गुजरात में सोमनाथ, वाराणसी में विश्वनाथ इन शिवालयों के नाम परमात्मा के दिव्य कर्तव्यों का परिचायक है।कहा जाता दक्षिण भारत तमिलनाडु में रामेश्वर के स्थान पर श्रीराम ने तथा वृंदावन में गोपेश्वर के स्थान पर श्रीकृष्ण ने भी शिव का पूजन किया था।यह वृतांत भी इस सत्यता का घोतक है।कि शिव ही देवों के देव एवं श्रीराम और श्रीकृष्ण के भी परमपिता परमातमा है।शिव की प्रतिमा का शिवलिंग के रूप में दिखाया जाना सिद्ध करता है कि परमात्मा निराकार है।जिसका कोई रचयिता है।ब्रहमा,विष्णु,शंकर के रचयिता होने के कारण शिव को त्रिमूर्ति भी कहते हैं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ अजय कुमार सिंह, राजेश सिंह,साहिबगंज शाखा की संचालिका बी के बिन्दु दीदी, नीतू दीदी,डा0पूनम कुमारी सहित सैकड़ों भाई,बहने उपस्थित थे।

## तार काटने के क्रम में एक व्यक्ति घायल

साहिबगंज जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ामदन शाही गांव में गैलेंडर मशीन से तार काटने के दौरान,एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल शुक्रवार के शाम लाया बताया जा रहा है कि बड़ा मदन शाही गांव निवासी फारुन अंसारी 38 है।वे अपने घर में पिलर ढालने के लिए गैलेंडर मशीन से तार काट रहा था। उसी दौरान मशीन हाथों से छिटक गया.और फारुन अंसारी के बाएं हाथ के कलाई पर लगने से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस की वर्षगांठ पर संगोष्ठी का आयोजन।




**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** प्रगति भवन के सभागार मेंअंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस के अवसर पर झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन डॉ सच्चिदानंद, सचिव, झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी ने किया। विशिष्ट अतिथि सरिता तिवारी ,अध्यक्षा, मनोरंजन भोजपुरी साहित्य परिषद थी।%शिक्षा और सतत विकास के लिए भाषा% विषयक गोष्ठी का वीज वक्तव्य रखते हुए शोधार्थी अनुपमा शुक्ला ने कहा कि भाषाएँ सतत विकास के लिए आवश्यक है। भाषाएँ ज्ञान स्थानांतरण और संस्कृतियों के संरक्षण का प्राथमिक साधन है। यह सुनिश्चित करना है कि शिक्षा प्रणाली किसी भी मातृभाषा में सीखने के बेहतर परिणाम बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता सच्चिदानंद ने संबोधित करते हुए कहा कि भाषाएँ ज्ञान के हस्तांतरण और संस्कृतियों के संरक्षण का प्राथमिक साधन हैं। आज दुनिया में लगभग 8,324 भाषाएँ हैं, जिनमें से कई वैश्वीकरण और सामाजिक परिवर्तनों के कारण लुप्त होने के कगार पर हैं। यह सुनिश्चित करना कि शिक्षा प्रणाली किसी की मातृभाषा में सीखने के अधिकार का समर्थन करती है क्योंकि जिन छात्रों को ऐसी भाषा में पढ़ाया जाता है जिसे वे पूरी तरह समझते हैं, वे बेहतर समझ, जुड़ाव और आलोचनात्मक सोच कौशल दिखाते हैं। बहुभाषी शिक्षा, विशेष रूप से अल्पसंख्यक और स्वदेशी भाषाओं के लिए, न केवल शिक्षार्थियों की मदद करती है बल्कि शिक्षा और संस्कृति के बीच एक गहरा संबंध भी बनाती है, जो अधिक समावेशी और न्यायसंगत समाजों में योगदान देती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरिता तिवारी ने कहा किअंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 25वीं वर्षगांठ भाषाई विविधता को संरक्षित करने और मातृभाषाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों की एक चौथाई सदी का जश्न है। यह मील का पत्थर सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा, शिक्षा में सुधार और अधिक शांतिपूर्ण समाजों को बढ़ावा देने में भाषा संरक्षण के महत्व पर जोर देता है।मनोज कुमार झा, प्रधानाचार्य एनआरपी विद्यालय ने कहा कि मातृभाषा आदमी के संस्कारों की संवाहक है। मातृभाषा के बिना, किसी भी देश की संस्कृति की कल्पना बेमानी है। मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है। बालक की प्राथमिक शिक्षा मातृ भाषा में ही करानी चाहिए।संताली भाषा साहित्य के विशेषज्ञ सम्पादक विमल मुरमू ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस , जिसे पहले यूनेस्को द्वारा घोषित किया गया था और बाद में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया, समावेश को बढ़ावा देने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में भाषाओं की भूमिका को रेखांकित करता है । बहुभाषी शिक्षा न केवल समावेशी समाजों को बढ़ावा देती है बल्कि गैर-प्रमुख, अल्पसंख्यक और स्वदेशी भाषाओं को संरक्षित करने में भी सहायता करती है। यह सभी व्यक्तियों के लिए शिक्षा और आजीवन सीखने के अवसरों तक समान पहुँच प्राप्त करने की आधारशिला है।

## छात्र छात्राओं ने दिखाया विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्वीज प्रतियोगिता में अपना प्रतिभा




**बोरियो, साहिबगंज।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र के द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता व विज्ञान प्रदर्शनी मे प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग विद्यालयों से आए हुए छात्र छात्राओं ने अपना प्रतिभा दिखाया, क्विज प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय के छात्रों ने 29 अंक प्राप्तांक के साथ प्रथम स्थान रहे, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जिरुल के छात्रों ने 28 अंक प्राप्तांक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किए ,वहीं यू एम एस बड़ा पंचगढ़ के छात्र 25 अंक प्राप्तांक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विज्ञान प्रदर्शनी में जयंती कुमारी ग्रुप पार्वती कुमारी सहित अन्य ग्रुप ने अच्छा प्रदर्शन किया, विजेता टीम को प्रखंड बीपीओ राजेश्वरी प्रसाद ने सम्मानित किया मौके दर्जनों शिक्षक व छात्र छात्रा मौजुद थे।

## व्यवहार न्यायालय में कल होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

साहिबगंज शुक्रवार आगामी शनिवार को व्यवहार न्यायालय में कल विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।जिसकी जानकारी कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय ने दी।उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में मुख्य रूप से पारिवारिक विवाद के मामले एवं एन आई एक्ट से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। लोक अदालत में करीब 100 मामलों को चिन्हित किया गया है।

## झारखंड मजदूर संघ की बैठक सम्पन्न



साहिबगंज शुक्रवार को जिले के उधवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राधानगर में मीना शाह के आवास में प्रखंड अध्यक्ष जीवन घोष के अध्यक्षता में झारखंड मजदूर संघ(प्रजातांत्रिक) की बैठक की गई।इस बैठक में मुख्य रूप केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में झारखंड मजदूर संघ( प्रजातांत्रिक)के पंचायत कमेटी का गठन किया गया।कमिटी में अध्यक्ष-अंजू कुमारी,कार्यकारी अध्यक्ष-सर्वेश मंडल,उपाध्यक्ष विश्वजीत मंडल, उपाध्यक्ष संजू देवी,संयुक्त मंत्री पंकज मंडल,सहायक मंत्री उज्जवल शाह,सहायक मंत्री लिपिक कुमारी,संगठन मंत्री दशरथ प्रमाणिक,कार्यालय मंत्री पंकज मंडल,कोषाध्यक्ष पिंकी कुमारी सदस्य नीरेन मंडल को बनाया गाय।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि पूरे संथाल परगना में 18 फरवरी से 21 मार्च तक सदस्यता अभियान चलेगा।बैठक मे विमल मंडल,विश्वजीत मंडल, विवेक यादव,मिथुन घोष,उत्पल मंडल,आशीक मंडल जितेंद्र चौधरी इत्यादि मौजूद थे।

## रेलवे गार्ड एवं ड्राइवर का 36 घंटे का हंगर फास्ट दूसरा दिन भी जारी रहा



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-ऑल इंडिया लोगो रनिंग स्टाफ एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल के तत्वाधान में गुरुवार से अपनी मांगों को लेकर 36 घंटे का हंगर फास्ट साहिबगंज क्रू लॉबी के समक्ष दूसरा दिन भी जारी रहा।वही शाखा के महासचिव रोहित आनंद ने बताया कि विगत दिनों में रेलवे बोर्ड के द्वारा रनिंग एवं गार्ड कर्मचारियों का माइलेज अलाउंस को अन्य भक्तों की तरह 25 परसेंट बढ़ाने से इनकार कर दिया गया।इसके विरोध में अखिल भारतीय रेलवे में सभी जगह सभी लोको पायलट एवं गार्ड कर्मचारियों के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सरकार यदि हमारी बात नहीं मानती है तो हम 36 घंटे का भूख हड़ताल पर रहते हुए गाड़ियों का परिचालन करेंगे।उन्होंने कहा कि सरकार अभी तक यह नहीं समझ रही है की लोको पायलट यदि भूख हड़ताल करते हुए कार्य करेंगे तो संरक्षण की दृष्टि से कितना भीषण परिणाम हो सकता है रेलवे प्रशासन के द्वारा रनिंग कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है एवं उनकी जायज मांगों को मानने से इनकार किया जा रहा है।मौके पर गोपाल कुमार,अमरजीत कुमार,प्रभात प्रभाकर,दिवाकर,राजीव, रोहित,सचिन,संतोष ए डी रमन, गौतम,हितेश कुमार आदि कॉमरेड उपस्थित थे।

## पुराने विवाद में एक युवक पर दो से तीन लोगों ने किया हथियार से हमला



संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज। जिले में आए दिन अपराधियों के हौसले बुलंद हैं अपराधी किसी भी घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं. जिले में कभी चोरी तो कभी छिनतई तो कभी हत्या जैसे घटना को पल भर में अंजाम देकर फरार हो जाते हैं. ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां साहिबगंज नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर दहला में गुरुवार की रात पुरानी रंजिश में दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गई। इसमे एक पक्ष के उत्तम पासवान(35) गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। अस्पताल में चिकित्सक मुकेश कुमार के द्वारा फौरन इलाज किया गया घायल उत्तम कुमार पासवान ने आरोप लगाते हुए बताया कि पुराने रंजिश को लेकर मुहल्ले के ही जीतू हरि, लक्ष्मण हरि व काजल देवी ने उसके साथ मारपीट किया और धारदार हथियार से सिर पर प्रहार कर दिया.वही घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इधर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि घरेलू विवाद में मारपीट हुई है.पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अवैध गौ तस्कर का किया भंडाफोड़,एक आरोपी जेल



**साहिबगंज।** जिला के मुफ्फसिल थाना पुलिस को मिली गुप्त सुचना पर गुरुवार की देर रात अवैध गौ तस्कर का भंडाफोड़ करते हुए चार गौवंशीय पशु से लदा पीकअप वाहन को जप्त किया है।जप्त पिकअप वाहन के चालक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डीबीएल घाट के समीप थाना के एएसआई चंचल कुमार अपने दलबल के साथ छापामारी करते हुए चार गोवंशीय पशु से लदा पिकअप को जप्त कर लिया।मामले में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 18 /25 में प्राथमिक अभियुक्त चालक सह अवैध गोतस्करी में संलिप्त आरोपी मोहम्मद आरिफ हुसैन पिता मोहम्मद सुल्तान,ग्राम लाल बथानी,बड़की टोला,थाना मुफस्सिल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।वहीं थाना प्रभारी मदन कुमार ने कहा कि इस तस्करी में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।गौ तस्करी के धंधे में शामिल लोगों की गहनता से छानबीन की जा रही है।

## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा भव्य भक्ति और श्रद्धा के माहौल में हुआ संपन्न

कुंडहित (जामताड़ा) - मंजगेड़िया गाँव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुक्रवार को भक्ति और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुआ। इस दिव्य आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और कथा का रसपान किया। वृंदावन धाम से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक हरिदास ब्रह्मचारी जी ने इस पावन कथा का वाचन किया और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का अद्भुत वर्णन किया।**कथा में गूँजी श्रीकृष्ण की लीलाएं**-सात दिनों तक चली इस कथा में हरिदास ब्रह्मचारी जी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, बाल लीलाएँ, गोवर्धन पूजा, रासलीला, कंस वध, उद्धव संदेश, सुदामा चरित्र और श्रीकृष्ण के वैकुंठ गमन जैसी अनेक घटनाओं का रोचक वर्णन किया। उनकी मधुर वाणी और सुंदर प्रसंगों से श्रद्धालु भावविभोर हो गए।भक्ति संगीत और हवन-पूजन का आयोजन-हरिदास ब्रह्मचारी जी की कथा के साथ-साथ संध्या आरती, भजन-कीर्तन और प्रवचन का आयोजन भी किया

## जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन



मंडरो,साहिबगंज।प्रखंड के सिमड़ा संकुल संघ कार्यालय पुराना स्वास्थ केंद्र परिसर मंडरो मे शुक्रवार को जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ मेघनाथ उरांव, मिर्जाचौकी थाना के एसआई पवन कुमार यादव,पलाश जेएसएलपीएस के जिला वित्त प्रबंधक,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक ब्रह्मानंद महतो,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (ईपी), सिमडा पंचायत के मुखिया राजेश कुमार मरांडी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।उद्घाटन के पश्चात उपस्थित लोगों के बीच बीडीओ ने कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्देश्य महिलाओं के साथ हो रहे घरेलू हिंसा,बाल विवाह,मानसिक प्रताड़ना,यौन उत्पीड़न या अन्य किसी तरह का शिकायत का निवारण जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से किया जायगा।वहीं कहा कि इस कार्यालय में एक जेएसएलपीएस की पारा लीगल दीदी प्रतिदिन बैठेंगी।इस कार्यक्रम में सभी पंचायत की सखी मंडल की सदस्य,संकुल संघ के पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के सीसी,पीआरपी,बीएपी,बैंक सखी,जेंडर सीआरपी,पैरालीगल दीदी,सेतु दीदी,सीनियर सेतु दीदी,बीडीएसपी के आलावा गुंजन कुमारी,अर्चना कुमारी विभा मिश्रा सहित कई उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल एक की मौत

**साहिबगंज।** जिले में इन दिनों सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है।जिले में कई दुर्घटना घट जाती है और कई लोगों की मौत भी हो जाती है ताजा मामला जिले के बोरियो थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देरशाम दो अलग अलग भीषण सड़क हादसा में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच के दौरान डॉक्टर डॉ. मुकेश कुमार ने बोरियो मरचो के रहने वाले सुमेसर उर्फ सुमेश्वर सिंह(35) को मृत घोषित कर दिया है। जबकि बाइक चालक पाकुड़ के मेहदी शेख(25), धुर्वा रकसो के छोटेलाल ठाकुर(35) व बोरियो के रंजीत ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार इसमे मरचो में सुमेसर उर्फ सुमेश्वर सिंह पैदल घर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आते बाइक ने जोरदार धक्का मार दिया। इसमे बाइक सवार समेत दोनों घायल हो गया। जहां अस्पताल जाने के दौरान रास्ते मे ही सुमेसर उर्फ सुमेश्वर सिंह ने दम तोड़ दिया है। वहीं दूसरा घटना में रंजीत कुमार व छोटेलाल बढ़ी के काम कर के लौट रहा था। इसी दौरान सवैया में बाइक असंतुलित होकर किसी पोल से टकरा गया। सुमेसर उर्फ सुमेश्वर की पर परिजनों का रो-रो अस्पताल में बुरा हाल है। घटना के बाद अस्पताल में जमकर हंगामा भी हुआ इसके बाद डॉक्टर मुकेश कुमार ने तुरंत जिरवाबाड़ी थाना पुलिस को सूचना दी सूचना मिलती ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए।

पूर्व रेलवे

**खुला ठिका खोबोर सं. 66-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, माहित 20.02.2025 तारी रे ई-ठिका।** वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन-713301 होतेते नोवाको कामी पुराउ लागित् ते ई-ठिकाको नेवतायेत् **कानाः कामी रेयाक् जुतुम/जायगाः** ''आसनसोल मंडल-सीतारामपुर-झाझा अनुभाग रे एससीएडीए प्रणाली रेयाक् निताक् 12 अदद आड़ी मारे स्विचिंग पोस्ट आरटीयू बोदोल बाबोत रे दूरसंचार कामी''। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 85,83,840.55; **बायना पायसाः** रु. 1,71,700; **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** एलओए ओडोङ आकान रेयाक् तारीक खोन 180 दिन। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 17.03.2025 हिलोक् 03.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बिवरोनः** http://www.ireps.gov.in/

(ASN-348/2024-25)

ठिका खोबोरको दो वेबसाइट www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# साइबर ठगों का गिरोह बेनकाब, 9 साइबर अपराधियों को दबोचा 11 मोबाइल और 16 सिम कार्ड बरामद

## व्हाट्सएप लिंक और फर्जी कस्टमर केयर कॉल से करते थे ऑनलाइन धोखाधड़ी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** साइबर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी करने वाले 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें पुलिस ने 11 मोबाइल, 16 सिम कार्ड और 2 प्रतिबिंब सिम कार्ड जब्त किए हैं। जांच के दौरान यह पता चला कि ये अपराधी फर्जी बैंक अधिकारी, कस्टमर केयर प्रतिनिधि और सरकारी पदाधिकारी बनकर आम लोगों को फोन कर धोखाधड़ी कर रहे थे।

देवघर साइबर थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि जसीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम रायडीह के पास स्थित घोरलास जंगल में कुछ संदिग्ध लोग सक्रिय हैं। ये अपराधी फर्जी बैंक कस्टमर केयर



सरकारी पदाधिकारी बनकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे। सूचना के आधार पर, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें 9 साइबर अपराधी रंगे हाथों पकड़े गए।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि अपराधी ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के कई तरीके अपनाते थे, जिनमें ये अपराधी बैंक अधिकारी बनकर व्हाट्सएप पर मालीशियस (खतरनाक) लिंक भेजते थे। जब पीड़ित उस लिंक पर क्लिक करता था, तो अपराधी उसके बैंक अकाउंट में लॉगिन कर लेते थे और पैसा निकाल लेते थे। फोन पे पेटीएम कस्टमर केयर अधिकारी बनकर धोखाधड़ी ये लोग कस्टमर केयर अधिकारी बनकर फोन करते और ग्राहकों को कैशबैक का झांसा देते थे। इसके बाद वे पीड़ित से फोन पे गिफ्ट कार्ड बनवाकर उसे रिडीम कर ठगी कर लेते थे। गिरफ्तार आरोपी में मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरिया गांव निवासी फाल्गुनी कुमार यादव, उम्र करीब 25 वर्ष,पिता संतु महतो, जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बसवरिया गांव निवासी पीयूष कुमार दास, 22 वर्ष, पिता सुनिल दास,देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बडामिरखी गांव निवासी बंगाली दास,40 वर्ष,पिता स्व0 कार्तिक दास,सारठ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोबरशाला गांव निवासी भास्कर कुमार दास, उम्र करीब 25 वर्ष,पिता स्व0 हिरा महरा,जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत अंधरीगादर गांव निवासी फागु तुरी, 30 वर्ष,पिता-नाचु तुरी,

सारवां थाना क्षेत्र अंतर्गत खेरवा निवासी अजय कुमार दास, 23 वर्ष पिता राजेश दास,देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ढकढका गांव निवासी संजय दास,41 वर्ष पिता सहदेव दास,सारठ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंडारो गांव निवासी बिनोद कुमार यादव,25 वर्ष, पिता चतुर यादव,मधुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भेड़या नावाडीह निवासी चंदन कुमार दास,22 वर्ष पिता महेन्द्र दास को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सेंट्रल जेल भेज दिया है। 04 आरोपी में से 02 अभियुक्त के पास से जप्त 02 मोबाईल नंबर पर प्रतिबिम्ब पोर्टल पर शिकायत दर्ज पाया गया है तथा शेष 02 अभियुक्तों के पास से जप्त मोबाईल नम्बर आई0एम0ई0आई0 पर जेएमआईएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज पाया गया है। सभी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सेंट्रल जेल भेज दिया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के पास से बरामद मोबाइल नंबरों के विरूद्ध ऑनलाईन शिकायत दर्ज है जो प्रतिबिंब पोर्टल पर दर्ज हैं। छापामारी टीम में साईबर थाना के पु0नि0 हरदियूस टोप्पो,पु0अ0नि0, घनश्याम गंझू,शामिल हैं।

### सड़क हादसा : अनियंत्रित वाहन की टक्कर से युवक घायल

**देवघर।** गिरिडीह मुख्य मार्ग पर बूढ़ई थाना क्षेत्र के भीखना जंगल के पास एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने सड़क पर पैदल चल रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बूढ़ई भीखनाडीह निवासी मोहन हेंब्रम गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन तेज गति में था और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Office of the Dy. General Manager (Tech),
Electric Supply Circle, Dumka

**CORRIGENDUM NOTICE**

Due to typographical error, earnest money for NIT No.318/PR/JBVNL/2024-25 of an amount of Rs. 19,500.00 has been mistyped as Rs. 48,700.00. As such the correct earnest money to be deposited is Rs. 19,500.00.

Therefore, Rs 48,700.00 needs to be read as Rs. 19,500.00.

All other terms and conditions remain the same.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 346584

Sd/-
Dy. General Manager (Tech)
Electric Supply Circle, Dumka

PR 346905 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 24-25 (D)

# महाशिवरात्रि पर भव्य शिवबारात की तैयारियां जोरों पर, अधिकारियों ने की समीक्षा बैठक

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

देवघर। आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर निकलने वाली भव्य शिवबारात के सफल संचालन को लेकर पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार की अध्यक्षता में देवघर परिसदन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी विशाल सागर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिवबारात की तैयारियों और चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में शिवबारात के दौरान विधि-व्यवस्था, समन्वय और सुचारू आयोजन के लिए कई अहम निर्णय लिए गए, जिसमें बिजली आपूर्ति विभाग को शहर की स्ट्रीट लाइट, तारों और पोलों की



मरम्मत जल्द पूरी करने का निर्देश। साफ-सफाई और सड़क मरम्मत- नगर निगम व आरसीडी को शिवबारात मार्ग की सफाई, नालों की सफाई और सड़कों की मरम्मत समय पर पूरा करने को कहा गया। साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को शिवबारात आयोजन की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। झांकियों के आयोजन को लेकर विशेष इंतजाम करने और मार्ग में किसी भी प्रकार की रुकावट को दूर करने के निर्देश दिए गए।

**शिवबारात को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी.........**

पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने कहा कि शिवबारात का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से शामिल हो सकें। डीसी विशाल सागर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं, जिससे महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धालुओं के लिए यादगार बन सके। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत,आरसीडी, नगर निगम के अधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, दुमका**

**प्रेस विज्ञप्ति**
**अत्यावश्यक सूचना**

एतद् द्वारा लघु सिंचाई प्रमंडल, दुमका के श्री रामेश्वर साहा, तत्कालीन सहायक अभियंता को सूचित किया जाता है कि आपके नाम से कई वर्षो से अस्थायी अग्रिम की राशि – रु० 24,15,783=00 (चौबीस लाख पन्द्रह हजार सात सौ तिरासी रुपये) लंबित आ रही है। इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर अस्थायी अग्रिम की राशि को प्रमंडलीय कार्यालय, दुमका में बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जो कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, दुमका के पदनाम से हो तथा एस० बी० आई०, दुमका में भुगतेय हो जो प्राप्त राशि सरकार के खजाने में जमा किया जा सके एवं आपके नाम लंबित अस्थायी अग्रिम को समायोजित किया जा सके।

उक्त तिथि तक अस्थायी अग्रिम जमा नहीं करने पर विभागीय नियमों के आलोक में आप से वसूली की विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, दुमका।

PR.NO.346943 Minor Irrigation(24-25):D

**कार्यालय सहायक निदेशक, गन्ना विकास, साहेबगंज**

**कृषकों के लिए सुनहरा अवसर**
**आम सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में गन्ना विकास योजना के तहत प्राप्त संभावित लक्ष्य के अनुरूप गन्ना व्यवसाय से जुड़े कृषकों से आवेदन आमंत्रित की जाती है। जिसका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है:–

| क0 सं0 | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | गन्ना बड्–चिप सिडलिंक नर्सरी की स्थापना | 24 इकाई | 2000 वर्गफीट प्रति इकाई |

इच्छूक कृषक जिनको उपरोक्त योजना अन्तर्गत कार्य अवयव का लाभ प्राप्त करना है। वह दिनांक 21.02.2025 से कार्यालय सहायक निदेशक, गन्ना विकास, साहेबगंज से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर आवेदन प्रपत्र को पूर्ण विवरण के साथ पंचायत प्रतिनिधि द्वारा अनुशंसा कराते हुए दिनांक 28.02.2025 संध्या 5.00 बजे तक कार्यालय सहायक निदेशक, गन्ना विकास, साहेबगंज में जमा करेगें। अपूर्ण आवेदन प्रपत्र, लक्ष्यपूर्ण, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा। उक्त योजना अंतर्गत SC, ST, लघु एवं सीमांत एवं महिला कृशकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**नोटः–** आवेदक किसान के द्वारा आवेदन प्रपत्र के साथ आधार कार्ड, एवं जमीन का रसीद/ पर्चा का छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

विश्वासभाजन
सहायक निदेशक
गन्ना विकास, साहेबगंज।

PR.NO.346913 Agriculture(24-25):D

### विस्थापितों व टेंपो चालकों ने सांसद सुखदेव से भेंट कर अपनी समस्याओं से करवाया अवगत



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा,झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार एवं देवघर जिला इंटक के उपाध्यक्ष सीताराम सिंह सोलंकी के नेतृत्व में देवीपुर एम्स के गेट के सामने विस्थापितों एवं टेंपो चालकों द्वारा कांग्रेस सांसद सह एम्स के प्रबंधन समिति के सदस्य सुखदेव भगत से भेंट कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। एम्स की मनमानी के बारे में भगत से कहा तथा टेंपो चालकों ने पुलिस द्वारा दिए जा रहे प्रताड़ना के बारे में भी बताया। विस्थापितों एवं टेंपो चालकों द्वारा उक्त मामले में भगत से हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की। इंटक नेताओं के नेतृत्व में विस्थापितों एवं टेंपो चालकों में संदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, पवन कुमार ,राजेश शाह सुमित सिंह, मुकेश यादव, राकेश यादव, दीनदयाल मंडल ,राजेंद्र सिंह, रामविलास सिंह, प्रणव सिंह, उपेंद्र दास प्रभु दास ,सुधीर यादव कमलेश झा ,भागो झा,एवं संजय झा सहित कई और भी विस्थापित एवं टेंपो चालक उपस्थित थे।

### एम्स ने शहरी एवं ग्रामीण स्कूलों में चलाया कार्यक्रम



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** एम्स देवघर द्वारा सेंट मेरी हायर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल, देवघर एवं अपग्रेडेड हाई स्कूल, केन्दुआ, में देवीपुर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए.) दवा सेवन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) सौरभ वर्श्नेय के मार्गदर्शन में और डॉ. बिजित बिस्वास, सहायक प्राध्यापक, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग एवं एम.डी.ए. कोऑर्डिनेटर,एम्स देवघर के निगरानी में आयोजित किया गया। डॉ. बिजित बिस्वास ने फाइलेरिया रोग, इसके कारण, लक्षण, प्रभाव, रोकथाम के उपाय, और एम.डी.ए. अभियान के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों द्वारा पूछे गए सवालों का उत्तर देते हुए एम.डी.ए. कार्यक्रम की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि और इसकी अनिवार्यता को स्पष्ट किया, जिससे उनकी शंकाओं का समाधान हो सके।कार्यक्रम के दौरान शहरी विद्यालय में 82 एवं ग्रामीण विद्यालय में 151 बच्चों ने एम.डी.ए. दवा का सेवन किया, जो टीम की सीधी निगरानी में हुआ। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी लाभार्थियों ने दवा सही तरीके से ली और इसकी प्रभावशीलता को समझा।


### शादी समारोह में आए व्यक्ति की बाइक चोरी

**देवघर।** जिले के करौं थाना क्षेत्र में शादी समारोह में आए एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। इस संबंध में पश्चिम बंगाल राज्य के सालानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बनजेमारी गांव निवासी वादी मदन रजक (38 वर्ष), पिता रामजी रजक,ने करौं थाना में कांड संख्या 14/2025 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। मदन रजक शादी समारोह में बिष्णु मंडल के घर, ग्राम करौं आए हुए थे। उसी दौरान अज्ञात चोर ने उनकी मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। जब वादी ने अपनी बाइक को ढूंढने की कोशिश की, तो वह कहीं नहीं मिली, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इधर करौं थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## देवघर : दुकान का लॉक तोड़कर चांदी के आभूषणों की चोरी, मामला दर्ज

**संवाददाता**

**देवघर।** जिले के सारवां थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक दुकान का लॉक और काउंटर तोड़कर चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इस घटना को लेकर वादी नवनीत कुमार, पिता नवीन प्रसाद पोद्दार, निवासी मंझीलाडीह ने सारवां थाना में कांड संख्या 23/25, के तहत शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें जिक्र है कि चोरों ने रात के अंधेरे में दुकान का लॉक और काउंटर तोड़कर भीतर रखा कीमती चांदी का सामान चुरा लिया। पुलिस ने इस मामले में




बीएनएस की विभिन्न धारा के तहत केस दर्ज कर लिया है और अज्ञात अपराधियों की तलाश जारी है। घटना के बाद इलाके के व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

## आद्रा मंडल में संयुक्त रोलिंग ब्लॉक, कई ट्रेनें रद्द

**संवाददाता**

**देवघर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में 24 फरवरी (सोमवार) से 02 मार्च (रविवार) तक एक सप्ताह के संयुक्त रोलिंग ब्लॉक के निष्पादन को लेकर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों का संचालन आंशिक रूप से बदला गया है।

रद्द की गई ट्रेनें में 68046/68045 आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू 24 फरवरी से 02 मार्च तक ट्रेन संख्या 63594/63593 आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल मेमू 24 फरवरी, 28 फरवरी, 01 मार्च,02 मार्च 13503/13504 बर्द्धमान-हटिया-बर्द्धमान मेमू 24 फरवरी 27 फरवरी,01 मार्च तक रद्द की गई।

68056/68060 टाटा-आसनसोल-बाराभूम मेमू 24 फरवरी,28 फरवरी, 01 मार्च तक यह ट्रेन आद्रा में समाप्त होगी और वहीं से वापसी होगी, जिससे आद्रा-आसनसोल-आद्रा मार्ग पर सेवा रद्द रहेगी। 63594/63593 आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल मेमू 25 फरवरी तक,यह ट्रेन आद्रा में समाप्त होगी और वहीं से वापसी होगी, जिससे आद्रा-पुरुलिया-आद्रा मार्ग पर सेवा रद्द रहेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है और उन्हें यात्रा से पहले ट्रेनों की स्थिति जांचने की सलाह दी है।

## तम्बाकू नियंत्रण को लेकर चलाया जा रहा है छापामारी अभियान

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।**-राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत देवघर जिला में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, देवघर के अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (कोटपा-2003) के अधिनियम- 2003 के अनुसार तम्बाकू एवं उनके उत्पाद को सार्वजनिक स्थानो पर धड़ल्ले से बिक्री को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ विभाग देवघर के जिला स्तर छापामारी दस्ता टीम के द्वारा चलाया जा रहा है निरंतर छापामारी अभियान। तम्बाकू उत्पादकों को लेकर बने कोटपा-2003 अधिनियम के विभिन्न धाराओं को प्रभावी रूप से अनुपालन करने के लिए टावर चौक,बरमसिया,देवघर कॉलेज,ज्योति होटल एवं पुराना सदर अस्पताल के सामने कोटपा-2003 कानून का उल्लंघन करने वाले



दुकानदारों के विरुद्ध छापामारी की गई।इस दौरान 13 दुकानदारों से वसूला गया 2270 रुपए का जुर्माना। जिसकी जानकारी देते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी संजय कुमार एवं जिला परामर्शी अभिमन्यु दांगी ने बताया कि सार्वजनिक स्थान में स्मोकिंग करना,दुकान के आगे सिगरेट तथा तम्बाकू का प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर लगाना एवं साथ ही साथ माचिस, लाइटर एवं एश ट्रे उपलब्ध कराना कानूनी अपराध है।सिगरेट तथा तम्बाकू बिक्री करने वाले प्रभारी एवं मालिक अपने प्रवेश द्वार पर सुस्पस्ट स्थान पर 60×30 से0मी0 का सफ़ेद पृष्ठ का बोर्ड लगा कर, बोर्ड के बाई ओर 15 से0मी0 व्यास, 3 से0मी0 लाल परिमिति होगी तथा उसके केंद्र में काले धुंए के बीडी अथवा सिगरेट का चित्र होगा तथा बोर्ड के दाहिने ओर काले अक्षर में गैर धुम्रपान क्षेत्र, यहाँ धुम्रपान करना अपराध है लिखवाना सुनिश्चित करेंगे।

**कार्यालय :– सहायक निदेशक, गन्ना विकास, साहेबगंज।**
**Email Id – adasugarcanesbg@gmail.com**
**अल्पकालीन अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) निविदा आमंत्रण**
**सूचना संख्या–01/2024–25**

वित्तीय वर्श 2024–25 में गन्ना विकास की योजनान्तर्गत गन्ना क्रशर कड़ाह मशीन (छोटा) वितरण के तहत् विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0. सं0. | कार्यअवयव का नाम | मात्रा/सं0 |
|---|---|---|
| 1 | गन्ना क्रशर कड़ाह मशीन (छोटा) | 11 |

नोटः–
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय सहायक निदेशक, गन्ना विकास साहेबगंज से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 27-02-2025 के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय सहायक निदेशक, गन्ना विकास, साहेबगंज में व्यक्तिगत रूप / डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को दिनांक 27-02-2025 के अपराह्न 03:00 बजे, साहेबगंज के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

सहायक निदेशक,
गन्ना विकास,साहेबगंज।

PR 346916 Agriculture(24-25)D

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, PAKUR.**

**Very Short Urgent Term E-Procurement Notice (3rd Call)**

**Tender Notice Reference No. -DWSD/PKR/33/2024-25 Dated : 20.02.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name of the Advertiser | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation, Division, Pakur. |
| 3 | Date of publication of Tender on Web site | 22.02.2025/ 11.00 AM |
| 4 | Last date /Time for receipt of Bid | 27.02.2025/04.00 PM |
| 5 | Last date/time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ(As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) | 27.02.2025/ 04.00P.M |
| 6 | Date of opening of Tender | 28.02.2025/04.00 P.M |
| 7 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Pakur, Jharkhand. |
| 8 | Contact no of Procurement office | 9110073326 |

| Sl. No | Name of Work | Block | Group No. | Nos. of T/W | Estimated Cost (In Rs.) | Earnest money (In Rs.) | Cost of BOQ(In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत–मझलाडीह, ग्राम मंझलाडीह में माजीद के पास चापाकल निर्माण। | Hiranpur | HIR-11 | 1 | 1,48,891.00 | 3000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 2 | पंचायत–मझलाडीह, ग्राम मंझलाडीह में मारतुज अंसारी के घर के पास चापाकल निर्माण। | Hiranpur | HIR-12 | 1 | 1,48,891.00 | 3000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 3 | पंचायत–मझलाडीह, ग्राम मंझलाडीह में ईदगाह के पास चापाकल निर्माण। | Hiranpur | HIR-13 | 1 | 1,48,891.00 | 3000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 4 | पंचायत–मझलाडीह, ग्राम मंझलाडीह में माजीद अंसारी के घर के पास चापाकल निर्माण। | Hiranpur | HIR-14 | 1 | 1,48,891.00 | 3000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 5 | पंचायत–सितपहाड़ी, ग्राम सितपहाड़ी में मंगल टुडू के घर के पास चापाकल निर्माण। | Hiranpur | HIR-15 | 1 | 1,48,891.00 | 3000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 6 | पंचायत–सितपहाड़ी, ग्राम सितपहाड़ी में विश्वनाथ साहा के जमीन पर चापाकल निर्माण। | Hiranpur | HIR-16 | 1 | 1,48,891.00 | 3000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 7 | पंचायत–करमाटॉड, ग्राम बास्को पहाड़, अमरभीठा, सक्सो एवं ग्राम मुर्गाबनी के जनुम टोला, शिकन्दर टोला, प्रधान टोला में पेयजल हेतु चापाकल का निर्माण। | Littipara | LTP-17 | 6 | 8,93,346.00 | 18000.00 | 1250.00 | 01 Month |

- अन्य किसी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।
- परिमाण विपत्र की राशि लौटाई नहीं जायेगी।

Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation
Division, Pakur.

PR 346915 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

## आठ साइबर अपराधी गिरफ्तार



**जामताड़ा ।** पुलिस की लगातार छापामारी ने साइबर अपराधियों के नाक में दम कर रखा है। आए दिन साइबर अपराध को अंजाम देते अपराधी रंगे हाथ पकड़े जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जामताड़ा साइबर पुलिस लगातार साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर प्रयासरत है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को मिले गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी टीम का गठन कर अभियान चलाया गया, जिसमें जंगली इलाके से अपराध को अंजाम देते 8 साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को साइबर थाना परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन कर पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारिब ने मामले का खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में पु0नि0 जयन्त तिर्की, पु0अ0नि0 प्रकाश सेठ, स0अ0नि0 स्टेनली हेम्ब्रम एवं अन्य पुलिसकर्मीयों को शामिल करते हुए करमाटाँड़ थानान्तर्गत ग्राम निज कजरा स्थित जंगल में साईबर अपराधियों के विरूद्ध छापामारी कर साईबर अपराध को अंजाम देते हुए बिवेक दास उर्फ विवेक दास, हेमन्त दास दोनों ग्राम गादीकजरा,समर दास अमरावती, भैम्प कॉलोनी, दुर्गापुर थाना एमएमसी न्यू टाउनशिप, जिला पश्चिम वर्द्धमान, पंश्चिम बंगाल वर्तमान पता ग्राम पिण्डारी तीनों थाना करमाटाँड़,अमित दास ग्राम शहरपुरा, थाना जामताड़ा, श्रीनाथ दास, ग्राम गादीकजरा, थाना करमाटॉड, सचिन कुमार मंडल, सुमन कुमार मंडल पिता बन्धु मंडल दोनों ग्राम मिरगा, थाना नारायणपुर व विकास कुमार पासी ग्राम सिजुआ, थाना गाण्डेय, जिला गिरिडीह को गिरफ्तार किया गया। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने 18 मोबाइल फोन, 28 फर्जी मोबाईल सिम, रुपया 27 हजार 2 सौ नगद, एक लैपटॉप, एक मोटरसाइकिल, दो आधार कार्ड, एक पैन कार्ड और एक वोटर आई कार्ड जप्त किया है। बताया कि इस संबंध में इनके विरूद्ध जामताड़ा साईबर अपराध थाना में कांड दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है। एसपी ने बताया कि ईजी माय डील एप से फोन पे में 2,000 रू0 का कैश बैक का मैसेज भेजते है तथा ग्रहक को एक्सेप्ट करने के लिए बोलते है जैसे ही एक्सेप्ट करता है तो लोगों का एप में पैसा आ जाता है। उक्त पैसा से गिफ्ट कार्ड खरीदते है फिर गिफ्ट कमीशन पर बेच देते है। ये भी बताया कि एपीके फाइल का लिंक भेजकर भी साईबर ठगी करते है। इन साइबर अपराधियों का कार्यक्षेत्र मुलत~ पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक आदि रहा है।

## लोहिया नगर हनुमंत अखाड़ा मंदिर में शिव-पार्वती की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**गोड्डा ।** हनुमंत अखाड़ा मंदिर, लोहियानगर परिसर में नवनिर्मित शिव पार्वती मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा गुरुधाम, बौसी बिहार के पंडित रतीश चंद्र झा के मार्गदर्शन में पुरोहितों के सहयोग से कराया गया। इस मंदिर में निर्माण कार्य में शहर के प्रतिष्ठित अनेकों चिकित्सकों व समाज के प्रबुद्धजनों, समाजसेवीयों एवं मोहल्लेवासी भी सम्मिलित थे। लोहियानगर स्थित शिव पार्वती मंदिर नहीं रहने के कारण महिलाओं और भक्तजनों को पूजा पाठ करने में समस्या होती रहती थी। जिसको लेकर हनुमंत अखाड़ा सेवा ट्रस्ट के नेतृत्व में बैठक आहूत करवाते हुए मंदिर निर्माण का प्रस्ताव लिया गया और लगभग 1 वर्ष के अंदर शिव- पार्वती मंदिर निर्माण कराया गया। मंदिर में शिवलिंग, पार्वती माता, नंदी बाबा, भैरव बाबा, गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई। मंदिर परिसर के पुजारी पंडित श्रवण पांडे भी पुजनोत्सव में शामिल थे। वहीं मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में डॉ0 अशोक कुमार, डॉ0 अजय कुमार, डॉ0 एस के चौधरी, डॉ0 प्रभा रानी प्रसाद, डॉ0 बनदेवी झा, डॉ0 विपिन कुमार, डॉ0 श्याम जी भगत, डॉ0 डी0 के0 चौधरी, डॉ0 रामजी भगत, समाजसेवी गप्पु सिन्हा, श्रवण अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, भवेश सिन्हा, गौरीशंकर मिश्रा, आनंद केवलम, , अरुण चौधरी, सुनीता देवी के साथ अन्य गणमान्य के सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य पूरा कराया गया। 18 से 20 फरवरी तक प्राण प्रतिष्ठा एवं राम कथा के साथ साथ 26 फरवरी को शिवरात्रि पूजन का भी समिति द्वारा पूजनोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## चौकीदारी परीक्षा पास छात्र छात्राओं की बहाली करे सरकार : संजीव

**गोड्डा ।** आजसू नेता संजीव महतो ने कहा कि शहीद स्तम्भ पर धरना में बैठे चौकिदार बहाली परीक्षा उत्तीर्ण युवक युवतियों के मांग वाजिब है। इसलिए आमंत्रण पर धरना में शिरकत किया। धरनार्थी की मांग शतप्रतिशत वाजिब है। सरकार को पहल कर इनके नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। नियुक्ति नियमावली में विसंगति के कारण सैकड़ों जिले के छात्र - छात्रा उत्तिर्ण होने के बावजूद बहाली से वंचित हैं?। वहीं राज्य अंतर्गत दूसरे जिला के लोग बहाल होकर नौकरी में सेवा दे रहे हैं। सरकार को चाहिए कि चौकिदार नियुक्ति के दोहरी निति में सुधार कर उपायुक्त को निर्देशन करें और शिक्षित बेरोजगारों के नियुक्ति का उपाय करें।

## आयुष्मान आरोग्य शिविर में 81 लोगों का हुआ मुफ्त स्वास्थ्य जांच



**गोड्डा ।** स्थानीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रौतारा में शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का शुभारंभ निवर्तमान वार्ड पार्षद सोनी देवी ने दीप प्रज्वलित कर के किया गया। इसमें 81 लोगों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं इलाज का लाभ उठाया। एएनएम जुली कुमारी ने बताया कि मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। बीमारियों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य है राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार- प्रसार करना एवम् लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करना है शिविर के माध्यम से लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा दी गई है। वहीं निवर्तमान वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 01 सोनी देवी ने कहा कि चिकित्सा शिविर लगाने का एक ही मकसद है कि वार्ड के निचले तबके के लोगों को जो आर्थिक रूप से कमजोर है उन्हें निश्शुल्क स्वास्थ्य सेवा मिल सके। वार्ड के सभी लोगों को एक दिन पहले ही स्वास्थ्य शिविर की जानकारी दे दी गई थी। शिविर में 81 मरीजों के बीमारियों की जांच पड़ताल कर मुफ्त चिकित्सा सेवा का लाभ दिया गया। इस आयोजन से शिविर में आने वाले मरीज काफी खुश दिखे। यहां पर आए मरीजों की सबसे पहले चिकित्सकों ने निश्शुल्क जांच शुरू किया। जांच के दौरान आए मरीजों का सुगर, श्वास, ब्लड, हार्ट आदि का चेकअप किया गया। इसके बाद मरीजों को चिकित्सकों ने निश्शुल्क दवाओं का भी वितरण किया। इस मौके पर एएनएम आराधना कुमारी, पुष्पा कुमारी, मीरा कुमारी, अर्बन कम्युनिटी फेसिलिटेटर प्रहलाद कुमार, बेबी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## अवैध कोयला लदा पिकअप वैन किया जप्त

**कुंडहित ( जामताड़ा)** ।गुरुवार की रात बागडेहरी पुलिस ने चन्द्रबाद गांव के समीप अवैध कच्चा कोयला लदा पिकअप वैन जब्त किया। पुलिस को देखते ही चालक एवं उपचालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहे । पुलिस ने मामले को लेकर बागडेहरी थाना में मामला दर्ज करते हुए अवैध कच्चा कोयला ढोलाई एवं बिक्री करने की सुसंगत धाराओं के साथ सलामत खान, सजारुल खान उर्फ डालु खान ग्राम पंचकुडी तथा रिजाफुल खान ग्राम विक्रमपुर को आरोपी बनाया है।इस संबंध में बागडेहरी थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नाला सटकी सड़क होकर अवैध कच्चा कोयला लदा पिकअप वैन डब्ल्यूबी 53 सी 0481को चंद्रपुर गांव के समीप रोका गया । पुलिस को देखते ही गाड़ी छोड़कर चालक एवं उपचालक भागने में सफल रहा । स्थानीय ग्रामीणों ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि उक्त सड़क होकर अवैध कच्चा कोयला लोड पिकअप वैन बीच बीच में पार होता रहता है। यह कोयला क्षेत्र में तथा बंगाल के विभिन्न ईंट भट्ठा में खपाया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि यह कारोबारी निडर होकर दिन के उजाले में तथा रात के अंधेरे में नियमित सड़क होकर अवैध कारोबार करते हैं। इधर बागडेहरी पुलिस पिकअप वैन जप्त करने के बाद कोयला चोरों में हड़कंप मच गया है।

# अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल पर अधिवक्ताओं में उबाल बिल के विरोध में न्यायिक कार्यों से अलग रहे अधिवक्तागण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




**गोड्डा ।** अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 के विरोध में शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण न्यायिक कार्यों से अलग रहे। बिल के विरोध में पुराने संघ भवन परिसर में एक सभा का आयोजन कर अधिवक्ताओं ने इस बिल पर विस्तृत चर्चा की। इसके उपरांत सभी अधिवक्ताओं ने एकमत होकर केन्द्र सरकार से अविलंब इस बिल को वापस लेने की मांग की। विरोध में अधिवक्ताओं ने एक रैली निकाली जो संघ भवन से निकलकर कारगिल चौक होती हुई पुन~ संघ भवन पहुंची।

जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव योगेश चंद्र झा ने कहा कि इस बिल के प्रस्तावित संशोधनों को भारतीय विधिज्ञ परिषद की स्वायत्तता एवं स्वतंत्रता पर आघात पहुंचाने वाला है । प्रमुख रूप से इस बिल के द्वारा भारतीय विधिज्ञ परिषद में तीन सदस्य केन्द्र सरकार द्वारा नमित करके विधि व्यवसाय की परिभाषा को खत्म कर दिया गया है। अधिवक्ताओं द्वारा न्यायिक कार्यों से अलग रहने पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी, केन्द्र सरकार बार काउंसिल आफ इंडिया को बाध्यकारी निर्देश देगी, नामांकन योग्यता एवं फीस का निर्धारण भी केन्द्र सरकार करेगी। विदेशी अधिवक्ता एवं विदेशी फर्म के नियमन का अधिकार होगा, बार काउंसिल आफ इंडिया की जगह केन्द्र सरकार का प्रभुत्व रहेगा। इसलिए यह अधिवक्ताओं के स्वतंत्रता पर आघात पहुंचाने का प्रयास किया गया है। जो संविधान के विपरीत है। अधिवक्ताओं ने कहा कि सांसद व विधायक को लोकसभा व विधानसभा में बहिष्कार करने का अधिकार है और उनलोगों पर कोई कानूनी पावंदी नहीं है। अधिवक्ता अगर न्याय हित में लड़ाई लड़ते हैं या अपनी आवाज उठाऐंगे तो इस कानून के माध्यम से अधिवक्ताओं पर दबाब बनाने की साजिश रची जा रही है। मौके पर क्रांतिधर सहाय, बार काउंसिल सदस्य धर्मेन्द्र नारायण, तनूज कुमार दुबे, अफसर हसनैन, शादिक अहमद, अनिता सोरेन, अजय साह, अजीत सिंह, प्रमोद शर्मा, श्यामल किशोर ठाकुर आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यकम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार झा ने किया जबकि संचालन महासचिव योगेश चंद्र झा कर रहे थे। मौके पर कुंदन ठाकुर, सुधीर ठाकुर, संघ के पदाधिकारी भवेश कांत झा, दिवाकर यादव, अंबोद कुमार ठाकुर, अजीत कुमार वर्मा, विनय ठाकुर सहित दर्जनों अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## मातृभाषा दिवस पर विशेष आयोजन



चितरंजन~ चित्तरंजन के एरिया चार स्थित राजा राम मोहन मंच पर शुक्रवार को मातृभाषा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। झरना राय के उद्बोधनी संगीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रथम सत्र में गीत, कविता और आवृत्ति के माध्यम से मातृभाषा के महत्व पर चर्चा की गई। संचालन कर रहे विराज गांगुली ने बताया कि विश्व में 8,324 भाषाएँ बोली जाती हैं, जिनमें से 7,000 से अधिक भाषाएँ विलुप्त हो चुकी हैं। निर्मल मुखर्जी, रेखा मुखर्जी, अर्जित ज्वारकर और पिनाकी मजूमदार ने भी अपने विचार रखे। दूसरे सत्र में साहित्य सभा आयोजित हुई, जिसका संचालन प्रियबंधु ने किया। प्रह्लाद प्रसाद ने मातृभाषा को माँ के समान बताते हुए इसके संरक्षण पर जोर दिया। स्वदेश चटर्जी, प्रदीप बनर्जी, अमित नाथ और कल्याण भट्टाचार्य ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुभाष चंद्र बसु, अमर और गौतम का विशेष योगदान रहा।

## झारखंड बांगाली समिति ने अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर मातृभाषा को समृद्ध करने का लिया संकल्प

जामताड़ा ( पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड बांगाली समिति ,जामताड़ा के भाषा कर्मियों के द्वारा 26वीं मातृभाषा दिवस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को कायस्थपाड़ा अवस्थित एस.डब्ल्यू. एस. ए.क्लब के समीपस्थ प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण माहोल में मातृभाषा दिवस मनाया गया । सर्वप्रथम पश्चिम पाकिस्तान सरकार द्वारा उर्दू को बांगला भाषी पूर्वी पाकिस्तान सहित समग्र पाकिस्तान की राष्ट्रीय भाषा घोषित करने के बिरोध में बांगला को भी द्वितीय राष्ट्र भाषा के रुप में स्वीकृति देनै को लेकर 1948 से 1952 तक तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के छात्र नेताओं के भाषा आंदोलन पर दमनात्मक कारवाई के क्रम में 21 फरवरी 1952 के भाषा शहीद आबदुस सलाम ,आबुल बरकत ,आबदुल जब्बार, शफिउर रहमान आदि को श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया । भाषा आंदोलन के परिणाम स्वरूप पाकिस्तान सरकार पूर्वी पाकिस्तान के लिए बांगला को द्वितीय राष्ट्र भाषा के रुप में स्वीकृति देने को बाध्य होना पड़ा था । उक्त भाषा आंदोलन ऐसी चिंगारी थी जो अन्त तक 1971 में मुक्ति आन्दोलन में परिणत हुआ और अलग राष्ट्र बांगला देश बना । यूनेस्को द्वारा 17 नवंवर 1999 को अमर 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रुप में स्वीकृति प्रदान किया । झारखण्ड बांगाली समिति के मीडिया प्रभारी धनेश्वर सिंह ÷काल कवि, अध्यक्ष डाक्टर डी.डी.भंडारी, उपाध्यक्ष डाक्टर कांचन गोपाल मंडल, शशि कुमार ने सभा को संबोधित कर दिवस का इतिहास, प्रासंगिकता और सार्थकता पर प्रकाश डाला । वक्ताओं ने कहा कि भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है । यहाँ जरुरत है अपनी अपनी मातृभाषा को मर्यादा देते हुए अन्य भाषाओं को भी समान महत्व देना ।

## गोड्डा मेन चौंक का नाम यथावत रखने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**गोड्डा।** मुख्य चौक को यथावत कारगिल चौक ही रखने को लेकर आजसू के संजीव महतो ने कार्यपालक पदाधिकारी आशिष कुमर को आवेदन दिया। संजीव महतो ने कहा कि शहीद वीरेन्द्र महतो कारगिल चौक का नाम पूर्व से चलता आ रहा है और यही लिखा जाए। बताया कि सरकारी निर्णय के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा शहीद के सम्मान में राष्ट्रीय भक्ति की भावना के तहत गोड्डा मुख्य चौक का नामकरण पूर्व में किया है। अतैव यह गौरवशाली नाम को बरकरार रखकर गोड्डा को गौरवान्वित बनाए रखना चाहिए। मौके पर दिनेश कुमार महतो, किशोर कुमार , गौतम कुमार, दशरथ महतो आदि उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए गोड्डा के खिलाड़ी हरियाणा रवाना



गोड्डा ~बीते दिनों स्थानीय गांधी मैदान में राज्य स्तरीय नेटबॉल सलेक्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी पहुंचे थे। वहीं खिलाड़ियों के सिलेक्शन के बाद शुक्रवार को झारखंड की टीम गोड्डा रेलवे स्टेशन से रांची के लिए रवाना हुए जिसमें गोड्डा, दुमका, देवघर साहिबगंज, रांची, खूंटी और गुमला के खिलाड़ी जूनियर नेशनल एवं द्वितीय फास्ट फाइव व प्रथम मिक्सड नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए रवाना हुए। बताया गया कि आगामी 23 से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित ट्रेडिशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका आगामी 26 से 28 फरवरी 2025 तक तृतीय फर्स्ट फाइव जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप बालक एवं बालिका व प्रथम जूनियर नेशनल मिक्सड नेटबॉल चैंपियनशिप में आगामी 1 एवं 2 मार्च को श्री बालाजी सेकेंडरी स्कूल कलिंगा भिवानी में आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड की टीम भाग लेंगे। वहीं झारखंड नेटबॉल संगठन की संयोजक सुश्री मोनालिसा के नेतृत्व में गोड्डा रेलवे स्टेशन से बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों में स्वीटी कुमारी, नंदनी कुमारी, श्वेता कुमारी, सृष्टि सुमन, गिन्नी कुमारी, कोमल कुमारी, मोनी कुमारी, सुष्मिता कुमारी, मधु कुमारी, खुशी कुमारी, करिश्मा कुमारी, खुशबू कुमारी, पल्लवी कुमारी, प्रीति कुमारी, सपना कुमारी, आरती कुमारी, खुशबू कुमारी, सोनी कुमारी, मोनी कुमारी, आरुषि रानी, खुशबू कुमारी एवं बालक वर्ग में मनीष कुमार, प्रमोद दत्ता, मयंक कुमार, एंड्राइड टुडू, आकाश कुमार टीम में शामिल हैं। वहीं जिला नेटबॉल संघ सचिव गुंजन कुमार झा, उपाध्यक्ष बैजनाथ डेहरी, रंजीत कुमार विवेक, नीरज कुमार, सौरभ कुमार, अंशु कुमार आदि ने खिलाड़ियों को रांची रवाना करने के दौरान जीत कर आने की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## स्वर्गीय मानिक उपाध्याय और पप्पू उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



**चितरंजन।** सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के तत्वाधान में और देंदुआ आंचलिक तृणमूल कांग्रेस के आयोजन में तीन दिवसीय स्वर्गीय मानिक उपाध्याय एवं स्वर्गीय पप्पू उपाध्याय मेमोरियल नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। यह टूर्नामेंट सालानपुर के लेफ्ट बैंक फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह में बाराबनी के युवा नेता मुकुल उपाध्याय, जिला परिषद कर्माध्यक्ष मोहम्मद अरमान, ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के सह-अध्यक्ष भोलासिंह, पंचायत समिति के अध्यक्ष कैलाशपति मंडल और उपाध्यक्ष विद्युत मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज और तृणमूल कांग्रेस के झंडे के आरोहण से हुई। इसके बाद स्वर्गीय मानिक उपाध्याय और स्वर्गीय पप्पू उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट में 11 पंचायतों की टीमें और लेफ्ट बैंक ऋद्धि सिद्धि क्लब की टीम सहित कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। भोलासिंह ने बताया कि फाइनल मुकाबले के दौरान किसी फिल्मी नायिका को बुलाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे खेल के प्रति दर्शकों का उत्साह और बढ़े।

## मोतिया में महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर



**गोड्डा ।** महाशिवरात्रि को लेकर सदर प्रखंड के मोतिया गांव स्थित श्री-श्री=108 जड़ेश्वर नाथ महादेव मंदिर में तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत मंदिर की सफाई, रंगाई-पोताई, भव्य पंडाल निर्माण व आकर्षक सजावट पर रोशनी की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित कराने को लेकर कार्य प्रगति पर है।मंदिर से एक किमी तक लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। महाशिवरात्रि महोत्सव को भव्य बनाने को लेकर योगेन्द्र झा के पुत्र नितेश झा अहम भूमिका निभा रहे हैं। महाशिवरात्रि महोत्सव 22 फरवरी 25 को अखंड रामनाम संकीर्तन से शुरू होगा। यह कार्यक्रम 24 फरवरी तक जारी रहेगा। बाबा की भव्य व आकर्षक बारात सह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें कोलकाता से 30 कलाकार शामिल होंगे जो अलौकिक दृश्य प्रस्तुत करेंगे। वहीं शिव बारात में जान एंड सन्स बैंड पार्टी आकर्षण का केन्द्र होंगे। कार्यक्रम को संगीतमय बनाने के लिए 25 एवं 26 फरवरी की संध्या मंदाकिनी मिश्रा द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा भोज, भंडारा, प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखं सरकार के श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव भी शामिल होंगे। मंदिर परिसर को फूलों व सजावट से आकर्षक रूप दिया जा रहा है। शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराने को लेकर प्रशासन से सहयोग की मांग की गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया अशोक कुमार चौधरी, माधव चंद्र चौधरी,त्रिभुवन झा, अंजनी झा, मनोज झा, गुंजन झा, शंकर यादव, वीरेन्द्र झा, स्नेहमय शांडिल्य, मिथिलेश चौधरी, अनिल यादव, मंटु यादव, अभिमन्यु ठाकुर, शेखर झा, विनोदझा, अमिल मिश्रा, रिंकु यादव आदि अहम योगदान दे रहे हैं।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी के नियमित निरीक्षण से बिचौलियां में हड़कंप

कुंडहित (जामताड़ा) ~ कुंडहित बीडीओ जमाले रजा ने प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजना में पारदर्शिता लाने हेतु नियमित निरीक्षण आरंभ कर दिया है। बीडीओ द्वारा क्षेत्र में नियमित निरीक्षण से विकास योजना में पारदर्शिता तो आएगी, फिलहाल प्रखंड क्षेत्र के बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। बीडीओ ने योजना निरीक्षण में निर्गत मस्टर रोल से कार्यरत मजदूरों का मिलान किया जा रहा है। इस दौरान शुक्रवार को प्रखंड के गड़जोड़ी पंचायत के गड़जोड़ी, महुला, प्रसादपुर, कोलाजोड़ा आदि गांव में मनरेगा संचालित सिंचाई कूप, तालाब, आम बागवानी तथा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। गड़जोड़ी गांव में गणेश मंडल के तालाब निर्माण, आम बागवानी, चंदन चक्रवर्ती का तालाब निर्माण, चंदन दत्त का तालाब निर्माण, महुला में तपन मंडल का तालाब, कोलाजोड़ा में संतोष मंडल का सिंचाई कुप, प्रसादपुर में उद्देश्वर हेम्बरम का सिंचाई कुप निर्माण का निरीक्षण करते हुए निर्गत मस्टर रोल का कार्यरत मजदूरों से मिलान किया गया। वही लाभुक एवं कर्मियों को कार्य में प्रगति लाने तथा समय अवधि पर कार्य का समाप्त करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान महुला आंगनबाड़ी केंद्र 2 का निरीक्षण करते हुए केंद्र में उपस्थित बच्चों की संख्या तथा अन्य की गतिविधियों पर ध्यान दिया गया । बीडीओ ने सेविका एंव सहायिका को नियमित समय पर केंद्र खोलने एवं बंद करने साथ ही बच्चों को पौष्टिक आहार देने की निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ के अलावे सहायक अभियंता संदीप सोरेन, मनरेगा बीपीओ उज्जवल घोष, कनीय अभियंता लक्ष्मीकांत हेम्बरम ,रोजगार सेवक मलई गोराई आदि उपस्थित थे।

## भगवान शिव और पार्वती की विवाह झांकी ने लोगों का मंत्र मुग्ध कर दिया

**जामताड़ा ।** शुक्रवार की श्री राम कथा में पूज्य अंकित जी महाराज ने बताया की मैना के यहां माता पार्वती का जन्म हुआ और श्री नारद जी महाराज के कहने पर माता पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या की, छोटी सी अवस्था में तपस्या के द्वारा उन्होंने यह समाज को संदेश दिया कि संसार में बिना तप के मनुष्य कुछ भी नहीं कर सकता है इसीलिए भगवान को प्राप्त करना है अगर ,तो मानव को तपस्या करने ही पड़ती है इसके बाद भगवान शंकर ने प्रकट होकर के उनकी मनोकामना पूर्ण करके और उनको वरदान दिया आपका विवाह अति शीघ्र मेरे साथ होगा और इसके बाद सुंदर भव्य तरीके से भगवान भोलेनाथ की बारात भूत प्रेत के साथ गांधी मैदान, मै निकाली गई ।जिसमें मुख्य यजमान आशा तरुण गुप्ता एवं समस्त गुप्ता परिवार के साथ राम कथा आयोजन समिति की अध्यक्ष मोहन बर्मन राजा निया गोपाल सिंह और सहयोगी प्रभु मंडल के साथ दर्जनों की संख्या में आयोजन समिति के सदस्यों ने शिव बारात और आरती में भाग लिया इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक तरुण गुप्ता ने कहा कि 20 फरवरी से राम कथा का भव्य आयोजन शुरू हुआ है ।

## अंडर 23 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट धनबाद ने गुमला को 6 विकेट से किया पराजित



**गोड्डा ।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वाधान में स्थानीय गाँधी मैदान में आयोजित अंडर 23 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन धनबाद ने गुमला को 6 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुमला की टीम 45.1 ओवर में 201 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें बल्लेबाजी करते हुए मनीष उरांव ने शानदार 93 रन की पारी खेली। वहीं यमुना झा ने 34 रन बनाया। गेंदबाजी में धनबाद की ओर से मोहम्मद कुनैन कुरेशी ने 3 विकेट तथा अनुराग सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी में धनबाद की टीम ने 33 ओवर 1 गेंद में ही सिर्फ 4 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाकर मैच जीत लिया। धनबाद की ओर से बल्लेबाजी में कप्तान मोहम्मद कुनैन कुरेशी ने सर्वाधिक नाबाद 52 रन की पारी खेली और अनुराग सिंह ने 51 रन बनाया। वहीं पर्यवेक्षक संयुक्त बिहार झारखंड रणजी टीम के कप्तान रह चुके काजल दास के द्वारा धनबाद के मोहम्मद कुनैन कुरेशी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार, ट्रॉफी एवं 5 हजार की नकद राशि प्रदान की गई। अंपायर की भूमिका में अमित हाजरा, इफ्तेखार शेख एवं स्कोरर की भूमिका में दीपक कुमार मौजूद थे। वहीं संघ द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कल का मुकाबला धनबाद और गढ़वा के बीच खेला जाएगा।इस अवसर पर क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अमित बोस, संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार, संयुक्त सचिव मोहम्मद किरमान अंसारी, मुकेश मंडल, अवधेश कुमार, राजीव भंडारी, सनम कुमार, अंजन कुमार, कन्हैया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मिहिजाम की काजल कुमारी ने राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स में जीता कांस्य पदक



**मिहिजाम।** मिहिजाम की प्रतिभाशाली एथलीट काजल कुमारी ने 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता 17 से 20 फरवरी तक चेन्नई में आयोजित हुई, जहां देशभर के पैरा एथलीट्स ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कठिन प्रतिस्पर्धा के बावजूद काजल ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी कड़ी मेहनत का परिणाम दिया। उनकी इस उपलब्धि पर कोच मनोज कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि काजल की लगन और दृढ़ संकल्प ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उनकी इस सफलता से मिहिजाम और चित्तरंजन में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों ने उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अब काजल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रही हैं। यदि उन्हें उचित संसाधन और प्रशिक्षण मिले, तो वे और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं।

## मन में भक्ति एवं विश्वास हो तो पानी के ऊपर भी चला जा सकता है-आचार्य कन्हैया

**नारायणपुर( जामताड़ा)** प्रखंड के घांटी बड़बहाल ग्राम में हनुमत प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चल रहे पांच दिवसी महायज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर महात्मा द्वारा प्रस्तुत भगवान की कथा का आनंद ले रहे हैं। अपने चौथे दिन की कथा में आचार्य कन्हैया द्विवेदी ने कहा कि रामायण एक नहीं अनेक हैं, हरि अनंत हरि कथा अनंता। फिर लोग अपनी बुद्धि के अनुसार कथा कहते हैं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में कभी भी लोगों को अहंकार नहीं करनी चाहिए। मनुष्य हो या फिर देवता अहंकार सबके लिए हानिकारक है। अहंकार तामसी हो या सात्विक दोनों ही हमारे लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा को पर्दे में छुपा कर रखें ,भक्ति और धन दोनों ही परदे की चीज है। उन्होंने कहा किमन में विश्वास जरूरी होता है। अगर विश्वास नहीं तो प्रभु का मार्ग हो या अन्य मार्ग उसे पर चलना संभव नहीं है। जो विश्वास करते हैं उन्हीं को कुछ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि विश्वास और भगवान के नाम काफी शक्ति है। इसके आधार पर पानी के ऊपर भी चला जा सकता है, और यह शक्ति धन बल से नहीं राधे-राधे नाम से संभव है। हमें भगवान, विश्वास और प्रेम से मिलते हैं। हम हम सभी को भगवान के शरण में जाना चाहिएक्योंकि ठाकुर जी के शरण में जाने से हमें ब्रह्मानंद की प्राप्ति होती है। जो भगवान कासच्चा भक्त होता है,उसे भगवान प्यार करते हैं, भगवान ना हिंदू देखते हैं ना मुसलमान वह केवल भाव देखते हैं। इसी भाव का परिणाम है कि भगवान कवि रसखान को दर्शन देने के लिए भी बाल रूप धारण कर उनके समक्ष आ गए। प्रसंग के अलावा उन्होंने कई भजन भी प्रस्तुत किया जिस पर लोग

## सालानपुर में पशुपालन को बढ़ावा, छह लाभुकों को मिली निःशुल्क बछिया



**चितरंजन।** पश्चिम बंगाल सरकार के पशु संसाधन विकास विभाग की पहल पर सालानपुर ब्लॉक में पशुपालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छह लाभुकों को निःशुल्क बछिया वितरित की गई। शुक्रवार दोपहर सालानपुर ब्लॉक कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) रुसाली क्लेर, पंचायत समिति के अध्यक्ष कैलाशपति मंडल, उपाध्यक्ष विद्युत मिश्रा और सालानपुर बीएलडीओ सुमना घरामी उपस्थित रहे। इस योजना के तहत ब्लॉक की पांच पंचायतों के छह लाभुकों को प्रत्येक को एक-एक बछिया प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देना और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना है। बीडीओ रुसाली क्लेर ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया, जबकि पंचायत समिति के अध्यक्ष कैलाशपति मंडल ने लाभुकों से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने की अपील की।

## राष्ट्रीय सीनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में गोड्डा के तीन खिलाड़ियों का चयन



**गोड्डा ।** महाराष्ट्र के नागपुर में 22 से 26 फरवरी तक आयोजित 46वी राष्ट्रीय सीनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में गोड्डा के खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें जिले से शिवम राज, ऋषिकेश कुमार सिंह, रुना कुमारी एवं मुस्कान खातून का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है। वहीं अन्य खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग में शुभम कुमार, संजीत कुमार, अविनाश कुमार, कुमार ऋषि राज, विकास कुमार दास, विपिन कुमार, विष्णु पद महतो, दुर्गेश तिवारी, कुमुद कुमार, अमित मोदक, जैक मार्डी, देवांशू कुमार मिश्रा, ऋषिकेश कुमार सिंह, साहिब मंडल, सचिन पंडित, अभिराज कुमार तथा कोच आलोक कुमार व मैनेजर शिवम राज को बनाया गया है। महिला वर्ग में ममता कुमारी, सुनैना गुप्ता, रूबी कुमारी संजना कुमारी, श्वेता कुमारी, रुहानिका रॉय, रागिनी रॉय, अश्मिका दीक्षित, मुस्कान खातून, कंचन कुमारी, मनोरमा कुमारी सुमन, रूना कुमारी, छाया कुमारी ,कोच आकाश मोहंती, मैनेजर अनु कुमारी है। गोड्डा जिले के खिलाड़ियों के चयन पर शारीरिक शिक्षा शिक्षको नीरज कुमार सिंह, अजय कुमार राय, महानंद यादव, अनुपम मिश्रा, सुशील सिंह, नीरज कुमार ने खुशी व्यक्त की

## चुगली आड़ाङ



- मरांग मरांडी ''बादो़ली''
(आईटीआई प्रक्षिण अधिकारी)

चुगली आड़ाङ रे चेत् नोडकान
हा़नी नहा़याक् काथायाकिन
लुतुर पेरेच् सिरा़-सो़रो़किन
ओ़ङ जो़डकान।

चुगली आड़ाङ रे चेत् नोडकान
फु़सुर-फु़सुरकिन गापालमारावकान
हेसेच्-सेकरेच् घारो़ञ्ज ताला
ला़ड़हा़ई टा़न्डीकिन ओरामेत्कान।

चुगली आड़ाङ रे चेत् नोडकान
ओ़न्तो़र जिवी मो़ने रे
कोयला तो़रो़च् सेंगेल लेका
थोड़ा-थुड़ी ते सालगाक्कान।

चुगली आड़ाङ लासेर का़पी
ओ़न्तो़र जिवी मागो़क्कान
बेने बा़ईरी चुगली आड़ाङ
खेटे-खेटेय लान्दाकान।

चुगली आड़ाङ रे चेत् नोडकान
लुतुर पेरेच् आञ्जो़म तोरा
इतका, तेजो, गासरा लेका
गासार-गासार बाबात्कान।

चुगली आड़ाङ मिछा़ताम
बिञ किदिञ जरहताम
चुगली आड़ाङ चाबाय रेयाक्
रान मुरगा़न बा़नुक्ताम।

चुगली आड़ाङ आञ्जो़म तोरा
गाडगुडकिन ला़ड़हा़ईकान
चुगली आड़ाङ ला़ला़ईकिन
हुला़स रा़सका़किन लान्दाकान।

# अदाणी-इस्कॉनाक् महाप्रसादः फूड डिस्ट्रिब्यूशन रेयाक् मो़ंज मैनेजमेंट

**● बेरबादो़क् दो़ बाङ लेकागे, अदाणी आर इस्कॉन दो़ जोमाक् बेरबादो़क् रोकाव ला़गित्किन बेनाव केदा केटेच् सिस्टम**




**खोबोरिया**

**प्रयागराज (गोड्डा)।** अदाणी समूह आर इस्कॉन मित् ते प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र सांवते सो़हो़रभोर रे महाप्रसादकिन हा़टिञाको काना।अदाणी समूह दो़ दिना़मदिन 1 लाख पा़तया़वा़नको दाकाय एम बेबो़सतावाकोय गोटा आकादा। नोआ ला़गित् इस्कॉनाक् दाकाय ओड़ाक्रे पुरा़ दिन सरगर्मी बेनाव ताहेंन काना। लाखके हो़ड़ हा़बिच्सेटेरो़क्आक् नोआ प्रसाद हा़टिञ रेयाक् आ़डी नायाब काथा काना दाना आलो बेरबादो़क् ला़गित् कुरूमुटू आर प्लानिंग केदाको।इस्कॉन प्रवक्तावाक् मेन काना जे जाहां हालो़त रे गे 2 फीसदी खो़न जा़सती दाना बाको बेरबाद ओचोवाक् काना।

**महाप्लानिंग ते रोकावक् काना जो़म दाना रेयाक् बेरबादो़क्**

इस्कॉनाक् दाकाय ओड़ाक् रे प्रसाद बेनाव दो़ आ़डी ञिन्दा़ 2 बजे लेका खो़न एहो़बो़क् काना। इस्कॉन रेन सेवक निखिले ला़येत् कानाजे दिना़म दिन सेताक् नोआ कामीय ला़गित्ए ओडोको़क् काना आर सेताक् गे पासेच् 500 कुंटा़ल सब्जीय किरिञेत् काना। तिन रे चेत् आर तिना़क् किरिञ होयोक्आ नोआ जो़तो़ आचका बाङ होयोक् काना। नोआ रेयाक् प्लानिंग मित् दिन लाहा खो़न गे तेयारो़क् कानाजे प्रसाद रे चेत् मेसालाक्आ। प्रसाद बानाव का़मीहो़रा साँवते गे जो़मदाना बेरबो़दो़क् खो़न रोकाव ला़गित् हों प्लानिंग एहो़बो़क् काना।नोआ ला़गित् 4 हो़ड़ाक् टीम मेनाक्आ ओका दो़ लागातार प्रसादहा़टिञो़क् रेयाक् रिकॉर्डको दो़हो़येत् काना। नोको टीम दो़ मिमित् घंटा प्रसाद हा़टिञको मापएत् काना। मित् अनुमान लेकाते महाकुंभ रे मित् जायगा रे अमूमन 1 घंटा रे 800 खो़न 1000 हो़ड़प्रसादको आताङेत् काना। नोआ काथा रेयाक् हों अंदाजा लागावक् काना जे हो़ड़ तिना़क् मात्रा रे प्रसादको आताङेत् काना। प्रसाद हा़टिञसांव जोड़ाव टीम रेन मित् रा़सया़वाक् मेन काना जे अमूमन तिन रे पा़तया़वानको दुड़ुप् काते प्रसादको आताङेत् काना तो़बे नोआ मात्रा750 ग्राम लेका ताहेंन काना। मेनखान तिन रे हो़ड़ तेंगो काते से ताड़ाम ताड़ाम ते प्रसादको आताङेत् काना तो़बे नोआ मात्रा घाटावकाते350-400ग्राम रे हिजुक् काना। ओका ठा़ंव रे प्रसाद हा़टिञ चालाक्काना ओण्डे मेनाक्को टीम रेन रा़सया़ दो़ सो़मो़य सो़मो़य रेप्रसादको बेबो़सताय आर हा़टिञ रेयाक् जानकारीको ला़ई दो़हो़येत् काना। आ़युप् बेलाक् सांवते ते जो़तो़ हा़टिञ ठा़ंव खो़नसारेच्आक् प्रसादको मित् जारवायेदा आर सारेच्आक् प्रसाद दो़ आ़युप् बेला 6-7 बजे हा़बिच् ते आरहोंको हा़टिञगो़त्काक् काना।मित्टेन टीम दो़ नोआ काथा रेयाक् होंको जांचेत् काना जे दाका जो़माक् आलो बा़ड़िजो़क्। जुदी जाम से जाहांटाक् एटाक् ओ़जे ते प्रसाद रूवा़ड़ आ़गूय हालो़क् रे बाङ होयोक् तो़बे अदाणी आरइस्कॉन रेन वॉलेंटियर जाम रेको फासाव आर ताड़ाम तेन हो़ड़को ताला रेको एम हा़टिञाको काना। नोआ पुरा़उ कवायद रे जो़तो़ रेयाक् जो़स मित् गेया जे जो़म दाना रेयाक् मित् हों दाना आलोबेरबादो़क । ला़यापेयां जे अदाणी समूह दो़ इस्कॉन साँवते मित् ते दिना़म दिन 1 लाख हो़ड़ ठेन महाप्रसाद एम हा़टिञाको रेयाक् जो़सकिनदो़हो़ आकादा। नोआ सेवा दो़ महाकुंभ मेला जारी ताहेंन हा़बिच् चालाक्आ। नोआ छाडा अदाणी समूह गीता प्रेस सांवते मित् ते 1 करोड़आरती संग्रह पुथी होंकिन हा़टिञेत् काना।

## मणिपुर रे सुरक्षा बलकोवाक् माराङ जितका़र, आयमा विद्रोहीको साप् केत्कोआ



**खोबोरिया**

**इम्फाल।** मणिपुर रे सुरक्षा बलकोवाक् जुदा़-जुदा़ अभियानको रे माराङ कामयाबीको ञाम आकादा। आयमा विद्रोहीको साप् केत्कोआ। सांवते हा़थियार, गोला बारूद आर ञू नाशा जिनिसको ञाम आकादा। नोआ काथा दो़ होलानो़क् पुलिसको लाई केदा। पुलिस लेकाते, बिष्णुपुर जिला रेयाक् मोइरांग कियाम लीकाई मोइरांग थाना टोठा खो़न सुरक्षा बल दो़ केवाईकेएल संगठन रेन 13 गोटेच् रिकिड़ रा़सया़को साप् केत्कोआ। ओनको दो़ नोकोको कानाको- वैरकपमरोजित उर्फ चिंगसांगलक्पा सिंह 26 उमा़र, कोंगखम हेमलेट उर्फ थोंगंबा सिंह 27उमा़र, लइशांगथेम अमरजीत उर्फ नोंगपोक नंगबा सिंह 24 उमा़र रेन, वैरकपम बिक्रम उर्फ रेक्स सिंह 42उमा़र रेन, सोइबान दीपक सिंह 33उमा़र रेन, लैश्रम इंद्रकुमार उर्फ बोंई उर्फ नंगबा मैतेई 36उमा़र रेन, कोंथौजम स्वमजीत उर्फ थौजन सिंह 36उमा़र रेन, हीसनम प्रेमानंद उर्फ रॉकी मैतेई 33उमा़र रेन, खुंडोंगबम निमाई सिंह 29उमा़र रेन, नाओरेम अमरजीत उर्फ थानिल सिंह 28उमा़र रेन, अबुजम रिंगकू उर्फ थवैरक्पा मैतेई 24उमा़र रेन, मोइरांगथेम इनाओ उर्फ रॉबिन सिंह 44उमा़र रेन, आर हुईरोंगबम इबोमचा उर्फ अथोई उर्फ पामेल मैतेई 18उमा़र रूप रेको बाडाय एना। नोको ठेन खो़न सुरक्षा बल दो़ 5.56 मिमी, 7.62 मिमी रेयाक् आयमा कैलिबर जो़तो़ते 27 जिवा़त् का़रतूस, पेया वॉकी-टॉकी, पोनया चार्जर, 31 जोड़ी जंगल बूट, आरे गोटेच् मोबाइल फोन छलावरण किचरिच् आर एटाक्सामरिक सामानको ञाम केदा। काकचिंग थाना टोठा लेकाते काकचिंग सुमक लीकाई खो़न केवाईकेएल संगठन रेन मित् एटाक् रिकिड़ रा़सया़ मयांगलंबम किरण सिंह उर्फ टिकेंद्रजीत 43 उमा़र रेने साप् आकाना। उनी दो़ इ फाल वेस्ट आर काकचिंग क्षेत्र रे जबरन वसूली रे सेलेत्ए ताहेंकाना।

## डालसा दो़ हिजला़ मेला रेय लागाव केदा हापताकिया़ विधिक जागरूकता शिविर




**खोबोरिया**

**दुमका।** प्रधान जिला आर सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका, संजय कुमार चन्द्धरियावीयाक् हुकुम रे सोकोलवारहिलोक् जनजातीय हिजला़ मेला रेयाक् डालसा सचिव, उत्तम सागर राणा दो़ फीता़ का़चपी कातेय उढा़उ केदा। मेला रे ताहेंकान आम जनता हो़ड़ठेन उनी दो़य मेन केदा जे जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका होते ते हो़ड़को जागवारको ला़गित् मेला रे मित् स्टॉलको लागाव आकादा।नोआ होते ते जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका होते गो़ड़ो़ंक् बाबो़त रेको ला़यात्कोआ आर सांवते गे हो़ड़को ठेन आयमा का़नूनको संविधान आर ओना रे ओ़लाक् मूल कर्तव्य आर सरकार होतेते चालाक् कान कल्याणकारी योजनाको बाबो़त रेको ला़यात्कोआ। उनी दो़ लाहा सेच्ए ला़ई केदा जे हापता भोर चालाक्आक् नोआ जागरूकता शिविर होते ते हो़ड़को निःशुल्क का़नूनी सहायता गोड़ो़को एमावाकोआ।

## सूर्यकांत त्रिपाठीयाक् जानाम माहां रे बाबुलाल दो़य जोहारादेया



**रांची।** भाजपा रेन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दो़ ओ़नो़ड़हिया़ आर उपन्यासकार सूर्यकांत त्रिपाठी निरालावाक् जानाम माहां रे उनीय जोहारादेया। मरांडी दो़ जा़रूममाहां हिलोक् सोशल मीडिया एक्स रेय ओ़ल केदा जे हिन्दी ओ़नो़ड़हें रेन छायावादी युग रेन गा़खुड़ आर नामडाक ओ़नो़ड़हिया़ आर उपन्यासकार सूर्यकांत त्रिपाठी निरालावाक् जानाम माहां रे उनी दो़य जोहारादेया।


# उपायुक्त दो़ बिरसा हरित ग्राम योजना दुरूस्त रेयाक्ए हुकुमात्कोआ



**खोबोरिया**

**हिरणपुर, पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार दो़ सोकोलवार हिलोक्हिरणपुर प्रखंड ताला तेयाक् चालाक् कान आयमा योजनाकोय ञेल ओ़नमान केदा। उपायुक्त दो़ जो़तो़ खो़न पो़रथो़म रे हाथकाठी पंचायतताला तेयाक् गोविन्दपुर आतो रे अब्दुल ओदुद अंसारी आर रेहाना बीबीयाक् जुमी रे बेनाव बिरसा हरित ग्राम योजनाय ओ़नमान केदा।बिरसा हरित ग्राम योजना रे जिवा़त् घेरान, जलकुंड, ट्रेंच कटिंग, एच टेका, नाडेप का़मी ओचोय ला़गित् रोजगार सेवक आर कनीयअभियंताय हुकुमात्किना आर प्राक्कलन रेयाक् अनुरूप माराङ, केटेच्आर टिकाऊ सूचनापट्ट मित् हापता रे बेनाव रेयाक्ए हुकुम केदा।उपायुक्त दो़ जो़तो़ पंचायतको रे बिरसा हरित ग्राम योजना रे सुधार ओचोय ला़गित् रोजगार सेवकको, अभियंताको बीपीओ होते तेय हुकुमात्कोआ। इना़ तायो़म मोहनपुर पंचायत रेयाक् शिवनगर आतो रे लुखी मुर्मू आर रसका सोरेनाक् अबुआ आवास का़मीय ञेल केदानोआ रे का़मी लाहाय रेयाक्ए हुकुम केदा।

# मप्र बालाघाट ला़ड़हा़ई-तापाम रे पोनया मा़हिला नक्सलीको गो़च् केत्कोआ, नो़को रेको दो़हो़वाकात् ताहेंना 62 लाख टाका सिरफ़



**खोबोरिया**

**जगदलपुर।** मध्य प्रदेश रेयाक् बालाघाट ला़ड़हा़ई तापाम रे बार दिन लाहा ला़ड़हा़ई-तापाम रे पोनया महिला नक्सलीको गो़च् केत्कोआ। नोको जो़तो़ छत्तीसगढ़ रेयाक् बस्तर जिला रेन गिरा़बा़सी हार्डकोर नक्सलीको ताहेंकाना आर एके-47, इंसास, एसएलआर लेकानाक् राइफल चालावको बाड़ायकान ताहेंना। नो़को रे छत्तीसगढ़ आर महाराष्ट्र रेन पुलिस दो़ मोटामुटी 62 लाख टाका रेयाक् सिरफ़को दो़हो़वाकात् ताहेंना। मध्य प्रदेश पुलिसाक् ला़ई लेका ते छत्तीसगढ़ रेयाक् बस्तर जिला रेन नक्सली रे दबाव दो़ ढेरो़क् काना। ओना इया़ते ओन्डेको नक्सली दो़ मध्य प्रदेश रे ढेरा बेनाव ला़गित् ते आको ताहेंन ला़गित् ते नावांनाक् ठिकाना सेंदरा ला़गित् तेको चालाक् काना। बस्तर रेन आईजी सुंदरराज पी दो़ जा़रूममाहां हिलोक्ए ला़ई केदा जे गो़च्एनको पोनया महिला नक्सली दो़ संगठन रेन माराङ कैडर्स थोड़ा सेरमा लाहा नोन्डे खो़नको हाताव लेदा। उनी दो़य ला़ई केदा जे बस्तर रेन हो़ड़ दो़ बो़तो़र आचो़ कातेक् नक्सली दो़ नो़को ला़ड़हा़ई तापामरेको बेवहारेत्कोआ आर आको दो़को दाड़ बा़न्चाक् काना। नो़को छाडा सुकमा रेन गिरा़बा़सी लक्खे मरावी रे हों महाराष्ट्र रे तुरूई लाख टाका ए छत्तीसगढ़ रे मो़ड़े लाख टाका आर मध्यप्रदेश रे पे लाख टाका रेयाक् सिरफ़को दो़हो़वाकत् ताहेंना। उनी दो़य ला़ई केदा जे नो़को पोनया नक्सलीयाक् मा़ड़ी सो़र रे मित्टेन इंसास राइफल, मित्टेन एसएलआर राइफल, मित्टेन पॉइंट 303 आर 315 सिंगल शॉट गनको ञाम आकादा। बस्तर रेन आईजी सुंदरराज पी दो़य मेन केदा जे बस्तर रे नक्सली दो़को चाबाक् काना। मित् ताला तापाम रे नक्सली रेनआयाम ला़टू-ला़टू कैडर्स दो़को गो़च् केत्कोआ। नोआ सांवते गे नक्सली दो़ आयमा कोर जायगा रे सुरक्षा बलकोवाक् कैंप बेनाव चुका़उ आकाना। उनी दो़ नक्सलीको ठेने नेहो़र एना जे खान्डा-बान्डा दो़ जिमा़काक्पे। ला़ड़हा़ई-तापाम रे चेत् हों बा़नुक्आ, आपे दो़ नावां हो़र ते ताड़ामपे। उनी दो़य ला़ई केदा जे नोआ नेहो़र रेयाक् एसेर हों होय आकाना। नोआ रेयाक् कुड़ा़ई दो़ आ़डी ढेर लेखा रे नक्सली दो़को सेरेन्डर चुका़उ आकाना।

## ट्रेनको रेयाक् चालाव-बानाव बेबो़सता

मित्-बार का़मीको इया़ते नोवाको ट्रेन दो़ नोंका लेका चालाव-बानाक्आः **(क) रद्दः** **•12311 हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 22.02.2025, 23.02.2025, 24.02.2025, 25.02.2025 आर 26.02.2025) आर **12312 कालका - हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 22.02.2025, 23.02.2025, 24.02.2025, 25.02.2025 आर 26.02.2025) **•12367 भागलपुर - आनंद विहार टर्मिनल विक्रमशिला एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 22.02.2025, 23.02.2025, 24.02.2025, 25.02.2025, 26.02.2025 आर 27.02.2025) **आर 12368 आनंद विहार टर्मिनल - भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 22.02.2025, 23.02.2025, 24.02.2025, 25.02.2025, 26.02.2025 आर 27.02.2025) **•12307 हावड़ा-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 22.02.2025, 23.02.2025, 25.02.2025 आर 26.02.2025) आर **12308 जोधपुर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 24.02.2025 आर 25.02.2025) **•22308 बीकानेर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 22.02.2025, 23.02.2025 आर 26.02.2025) **आर 22307 हावड़ा-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 24.02.2025) **•12176 ग्वालियर-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 22.02.2025 आर 25.02.2025 आर 26.02.2025) **•22911 इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 22.02.2025 आर 25.02.2025) **आर 22912 हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 22.02.2025, 24.02.2025 आर 27.02.2025) **• 12178 मथुरा-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 24.02.2025) आर **12177 हावड़ा-मथुरा चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 28.02.2025) **•20975 हावड़ा-आगरा कैंट, चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 25.02.2025) **आर 20976 आगरा कैंट-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 27.02.2025) **•12349 गोड्डा-नई दिल्ली हापताकिया़ हमसफर एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 24.02.2025) **आर 12350 नई दिल्ली-गोड्डा हापताकिया़ हमसफर एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 25.02.2025) **•12941 भावनगर-आसनसोल पारसनाथ एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 25.02.2025) **आर 12942 आसनसोल-भावनगर पारसनाथ एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 27.02.2025)**•22466 आनंद विहार टर्मिनल-मधुपुर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर एसएफएक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 26.02.2025) **आर 22465 मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर एसएफएक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 27.02.2025) **•22406 आनंद विहार टर्मिनल-भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 27.02.2025) **•12321 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई मेल** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 25.02.2025 आर 26.02.2025) **आर 12322 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-हावड़ा मुंबई मेल** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 27.02.2025 आर 28.02.2025) **•12324 बाड़मेर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 26.02.2025) **आर 12323 हावड़ा-बाड़मेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 28.02.2025) **• 12495 बीकानेर-कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 27.02.2025) **आर 12496 कोलकाता-बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 28.02.2025) **•22947 सूरत-भागलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 25.02.2025) **आर 22948 भागलपुर-सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 27.02.2025)। **(ख) डाहार बो़दो़लः 15657 दिल्ली-कामा या ब्रह्मपुत्र मेल** (यात्रा एहो़बो़क् ता़रीक 22.02.2025, 23.02.2025, 24.02.2025, 25.02.2025 आर 26.02.2025) गजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ - पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. सेच् ते डाहारे बो़दो़ला। देजो़क् हो़ड़को ठेन नेहो़र मेनाक्आ जे ओनको दो़ स्टेशन रेयाक् जनसंबोधन प्रणाली दो़को मानाव-बातावमा। ओ़सुबिता ला़गित् दुक मेनाक्आ।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद मामला रे साइबर सेल दो़ राखी सावंत होंको कोलादेया समन



**खोबोरिया**

**मुंबई।** इंडियाज गॉट लेटेंट' शो विवाद मामला रे महाराष्ट्र साइबरसेल दो़ सोकोलवार हिलोक् विवादित फिलिम अभिनेत्री राखी सावंत हों समनकोल काते 27 फरवरी हिलोक् बयान दर्ज ओचोय ला़गित्को तलबआकादेया। राखी सावंत हों इंडियाज गॉट लेटेंट' शो रे बतौर जज बेनाव काते नोआ रेन हिसा़य बेनाव चुका़उ आकाना। नोआ लेकायूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया दो़ होला खो़न आरहों समन जारी कातेउनी दो़ 24 फरवरी हिलोक् बयान दर्ज ओचोय ला़गित्को हो़हो़आकावादेया। साइबर सेल लेकाते रणवीर सांवते गे उनी सांवते पैनलरेय सेलेत्एन आशीष चंचलानी हों 24 फरवरी हिलोक्को हो़हो़आकावादेया। नोआ लेका महाराष्ट्र साइबर सेल दो़ सो़मो़य रैना ला़गित् समन कोलकाते 18 फरवरी हिलोक् सो़दो़रो़क् ला़गित्को मेतावादे ताहेंना, मेनखान उनी दो़ ओनको सामाङ रे बाय सो़दो़र लेदा। इना़तायो़म महाराष्ट्र साइबर सेल दो़ रैना लुखीवार हिलोक् आरहों समन कोलकाते उसा़रा ते पेश सो़दो़र ला़गित्को मेन आकावादेया।महाराष्ट्र साइबर सेल नोआ मामला रे 42 खो़न जा़सती हो़ड़ ठेनको कुलीयेत्कोआ।

## बाबा आम्रेश्वर धाम रे 26 फरवरी हिलोक् आ़डी रा़सका़ सालाक् तेको मानावा महाशिवरात्रि

**खूंटी।** झारखंड रेयाक् मिनी बाबा धाम रूप ते नामडाक आकान बाबा आम्रेश्वर धाम आंगराबारी रे 26 फरवरी हिलोक् महाशिवरात्रिपो़रो़ब दो़ आ़डी रा़सका़ सालाक् तेको मानावा। नोआ रेयाक् साप्-सापड़ाव दो़ आ़डी उसा़रा होयोक् काना। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति रेन अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव आर माराङमंत्री मनोज कुमार दो़किन जा़रूममाहां हिलोक्किन ला़ई केदा जे 26 फरवरी हिलोक् सेताक् सेच् 5 बजे खो़न बाबा भोलेनाथाक् नेयो़म-धो़रो़म सालाक् ते पुजा़-पासा आर दाक्को दुलाया। सेताक् 9 बजे खो़न कीर्तन आर 10 बजे दो़ प्रसादको हा़टिञा। ला़यात्कोवाकिन जे ञुहुम तो़रा 7 बजे खो़न बाबावाक् हो़रो़क्आक्को एमावाया आर रूद्राभिषेक होयोक्आ। प्रबंध समिति दो़ जो़तो़ भो़कतो़ ठेन खो़न महाशिवरात्रि सेमेलेत् रे सेलेदो़क् ला़गित् तेय नेहो़रात्कोआ।

## वाटर फिल्टर प्लांट रेको हामला कुरमुता़हा, गार्डको दाल कातेक्को को़मबड़ो़ केदा दामानाक् जिनिस

**खोबोरिया**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला रेयाक् पतरातू थाना टोठा रे सीसीएल क्वार्टर रे बेनावाकान वाटर फिल्टर प्लांट रे कुरमुता़हा़को हामला केदा।सा़रदीमाहां हिलोक् ञिन्दा़ सेच् दुसी दो़ सुरक्षा गार्डको दालकेत्कोआ आर भितरी तेको बो़लो़येना। ओन्डे को़मबड़ो़ दो़ ग्रिलआर गेटको छाडाव कातेक् आयमा जिनिसको को़मबड़ो़ केदा। दुसीकोठेन खो़न दानाङ कातेक् सुरक्षा गार्ड दो़ आसो़ल अधिकारी नोआरेयाक् खो़बो़रको एमावादेया। तिन हा़बिच् ते पुलिस ओन्डेको सेटेर एना इना़क् उन हा़बिच् ते कुरमुता़हा दो़ जिनिस को़मबड़ो़कातेक्को दा़ड़ताप् केदा। वाटर फिल्टर प्लांट सेटेर कातेक्सीसीएल रेन आसो़ल अधिकारी दो़ सुरक्षा कर्मी रान-मुरगा़न आचोको ला़गित् ते अस्पताल रेय भा़रती केत्कोआ। सीसीएल रेन प्रभारी विक्रम सिंह दो़य ला़ई केदा जे कुली बाड़ाकेत्को तायो़म कुरमुता़हाकोवाक् दो़ल रे 30 खो़न 35 गो़टेच् गानको ताहेंकाना। उनी दो़य ला़ई केदा जे तिना़क् कर्मीको घा़ल आकाना ओनकोको ला़ई केदा जे आ़डी आयमा दो़ल रे दुसी दो़ ओन्डेको सेटेर एना आरजो़तो़ हो़ड़को एसेत् केत्लेया। कुरमुता़हा दो़ वॉटर ट्रीटमेंटप्लांट रेको हामला केदा आर ओन्डेको ताहेंकान जवान दो़ आ़डी बा़ड़िच्को दाल केत्कोआ। पुलिस सेटेरो़क् खो़न माड़ाङ रेको़मबड़ो़ गैंग दो़ ओन्डे खो़नको दा़ड़ केदा। पोनया जवान दो़ आ़डीजा़सतीको घा़ल आकाना। ओनको मुद रे बार हो़ड़ाक् हालो़त दो़आ़डी गा़हिर गेताकिना। पतरातू थाना रेन प्रभारी शिवलाल कुमारगुप्ता दो़ जा़रूममाहां हिलोक्ए ला़ई केदा जे वाटर फिल्टर प्लांटरे कुरमुता़हा दो़को हामला लेदा, नोआ रेयाक् खो़बो़र दो़पुलिसको एमात्कोआ। नित हा़बिच् ते सीसीएल रेन अधिकारी दो़ जाहान दारखास दो़ बाय एम आकाना। जुदी जाहान ला़लिस हिजुक् काना एन्डेखानओना लेका ते लाहा सेच्आक् कार्रवाई दो़ होयोक्आ।



# राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव की तस्वीरें











## भारत सेवाश्रम संघ में मना प्रतिज्ञा दिवस समारोह



**रानीश्वर (दुमका)** । 21 फरवरी शुक्रवार भारत सेवाश्रम संघ दुमका शाखा के पाथरा के स्वामी प्रणवानंद विद्या मंदिर में मनाया गया 26वीं अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस । बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति झारखंड राज्य का एकमात्र संगठन लगातार 25 साल से इस दिन को प्रतिज्ञा दिवस के रूप में मनाते आ रहा हैं। सेवाश्रम संघ दुमका शाखा के स्वामी नित्यब्रता नंद महाराज के अध्यक्षता में हुई समारोह में बिहार बंगाली समिति के सचिव एवं बिहार हेरॉल्ड अंग्रेजी पत्रिका के संपादक विद्युत पाल , अध्यापक तन्मय वीर ,सीमांत संवाद के संपादक व शौधार्थी संजय पाल, ऋद्ध पत्रिका के संपादक रतन घोष एवं प्रख्यात संगीत शिल्पी नूपुर चक्रवर्ती भाग लिया है।समिति की ओर से स्टेट सेक्रेटरी गौतम चटर्जी ,डा असीम कुमार लायेक , बाबूलाल मोदी , आश्रम के स्वामीजी एवं नव कुमार घोष ने प्रधान अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथियों को मानपत्र ,ममेंटो एवं अंग बस्त्र भेंट कर सम्मानित किया हैं । कार्यक्रम मे नूपुर चक्रवर्ती ने कई संगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया है। कार्यक्रम को स्टेट सेक्रेटरी गौतम ने संबोधित कर जिले के एन आई सी की प्रोफाइल में मातृभाषा बांग्ला को शामिल करने एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के प्री नर्सरी स्कूल में शिशिक्षु को मातृभाषा में शिक्षा देने की मांग किया है । कार्यक्रम में डॉ असीम कुमार लायेक , अजित पाल ,मिठुन चौधरी , संतोष पाल ,हेमंत पाल ,अशोक गोराई , धूर्जटी महंत ,हामिद अंसारी ,प्रकाश दास मयूराक्षी ग्रामीण डिग्री कालेज के प्राचार्य नव कुमार पाल ,काजल भट्टाचार्य ,अध्यापक अभिनंदन मुर्मू बोद बोदरा , बाबू बाउरी कुमिरदहा।पंचायत के मुखिया खुदीराम मोहली , सुमन घोष, खोखन चक्रवर्ती , कौशिक अधिकारी , रजत कांति गोराई , डा हर प्रसाद मुखर्जी , बच्चू गोराई ,तपन साहा सौरभ चक्रवर्ती मौजूद थे ।मंच संचालन नव कुमार घोष ने किया है ।आश्रम के स्वामी जी सभापति के भाषण के साथ समाप्त घोषणा किया है।

## झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**दुमका** । वीर कुंवार सिंह चौक में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान शुक्रवार को नगर प्रभारी रवि यादव के नेतृत्व में चलाया गया ।जिसमें शहर के सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने सदस्यता रसीद कटवा कर सदस्यता प्राप्त की जिसमें मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष चंदन भुवानिया,राजेश राउत, पराक्रम शर्मा,गौरव झा, राजेश चौरसिया,अजय पाठक,मोहम्मद अली,अमित रक्षित, चंदन,सोनु शेख, इंदु चोबे,गीता देवी,कृष्णा देवी,इत्यादि समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत हुई कार्यशाला

**रानीश्वर** । प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक कार्यशाला की आयोजन की गई। बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा के उपस्थिति में इस कार्यशाला की आयोजन की गई थी। बीडीओ राजेश ने कार्यशाला को संबोधन करते हुए कहा कि एक एकड़ जमीन पर 112 आम के पौधे एवं 80 की संख्या में इमारती पौधे लाभुक को देने की प्रावधान है। इसके अलावे पौधा की सुरक्षा को लेकर घेराबंदी,पौधा कज़ गड्ढा खोदने की मजदूरी,खाद,कीटनाशक दवाई आदि विभाग की और से दी जाती है। किसान आम बागबानी गोजन से अन्तरफसलिय खेती भी कर सकते है। तकनीकी सहायता के लिए प्रदान संस्था के प्रतिनिधि शुभंकर दास ने जानकारी दिया। कार्यशाला में मनरेगा बीपीओ प्रभावती संगीत सोरेन गत वित्त वर्ष की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मौजूद रोजगार सेवकों ने जानकारी दिया कि वित्तीय वर्ष 2025 -26 के लिए विभिन्न पंचायतों में 26 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है।

# बासुकीनाथ : अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी** । महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बासुकीनाथ आने वाले शिव भक्तों को कोई परेशानी नहीं हो इसको लेकर लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी बासुकीनाथ के मेला क्षेत्र में प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान जरमुंडी सीओ संजय कुमार, एसडीपीओ अमित कच्छप व पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल ने संयुक्त रूप से बासुकीनाथ नागनाथ चौक, शिवगंगा तट व मेला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण हटाओ अभियान सख्ती पूर्वक चलाया। पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी सूरत में मेला क्षेत्र अथवा मंदिर जाने वाले मार्ग में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया है उन स्थानों पर दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर दुकानदार का सामान जप्त किया जाएगा एवं दुकानदार पर जुर्माना लगाते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मंदिर व शिवगंगा जानेवाले सभी मार्ग से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान दुकानदारों को बीच सड़क पर दुकानें नहीं लगाने की सख्त हिदायत दी। सड़क किनारे नालियों पर से दुकान हटाने का भी सख्त निर्देश दिया। पदाधिकारियों के अगुवाई में पुलिस बल के साथ बासुकीनाथ में अतिक्रमण हटाये जाने का अभियान सख्तीपूर्वक चलाया गया। इस अभियान में पानी टंकी, शिवगंगा रोड, बेलगुमा रोड, नागनाथ चौक, नगर पंचायत रोड एवं अन्य स्थलों पर सड़क में अथवा सड़क किनारे लगाये गए दुकानों को हटाया व सड़क पर रखे दुकान की सामग्री व गुमटी को हटवाया गया। इधर मेला क्षेत्र और बासुकीनाथ में सड़क किनारे दुकान लगाने वाले फुटपाथ दुकानदारों ने कहा कि रोजी-रोटी व घर चलाने की मजबूरी है इसीलिए जिल्लत का सामना करते हुए दुकान लगाने की मजबूरी है। प्रशासन उनके साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करें एवं फुटपाथ पर दुकान लगाने के लिए स्थल की व्यवस्था कर दे। वहीं अतिक्रमण किए जाने से परेशान नागरिकों का मानना है कि अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार चलते रहना चाहिए। अतिक्रमण हटाये जाने से बाजार क्षेत्र, व्यवस्थित दिखेगा और आवागमन में होनेवाली परेशानी से लोगों को निजात मिलेगी। सीओ संजय कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रशासन के द्वारा लगातार चलाया जायेगा। इस मौके पर बासुकीनाथ नगर पंचायत के कर्मी, अंचलकर्मी, पुलिस पदाधिकारी व भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

## ईश्वर से साक्षात्कार का एकमात्र रास्ता सत्संग है : महर्षि योगानंद



**संवाददाता**

**जरमुंडी** । जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के सहारा पंचायत अंतर्गत चोरडीहा गांव में आयोजित दो दिवसीय संत सम्मेलन में संतों के द्वारा किए जा रहे आत्मानुभवी प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। संतों द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। संत सद्गुरू महर्षि परमहंस जी महाराज का शिष्य महर्षि योगानंद परमहंस जी महाराज ने कहा कि सत्संग के प्रति आस्था रखने वाले हजारों लोगों ने संतों का साकारात्मक प्रवचन सुनकर सत्संग का लाभ उठाया। बता दें कि मानसिक व आध्यात्मिक कल्याण हेतु पिछले कई वर्षों से संतमत सत्संग आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर सत्संग को संबोधित करते हुए योगानंद परमहंस जी ने कहा कि परमात्मा से जुड़ने का एकमात्र रास्ता सत्संग है। उन्होंने सत्संग से होनेवाले आध्यात्मिक लाभ के बारे में बताया। महर्षि ने कहा कि पृथ्वी की उत्पति ब्रह्मा के द्वारा मनु महाराज और सत्यरूपा का सृजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विष्णु, शिव, ब्रम्हा के रहस्यों के बारे में बताया। सत्कर्म कर आत्मा का परमात्मा से मिलन के बारे में जानकारी दी। सत्संग से ही मनुष्य कुंदन बनकर निखरता है और ईश्वर के प्रति अनुरागी बनकर जीवन का उद्देश्य पाता है। सत्संग के बिना मनुष्य का जीवन विवेकशून्य ही रहता है। इसलिए अपना कल्याण चाहनेवाले मनुष्यों को संत समागम कर स्वयं की चित्तवृति को शुद्ध कर परमात्मा को पाने के लिए पर्यत्नशील बनना चाहिए। संत सम्मेलन के सफल संचालन में सत्संग के सैकडों अनुयायी तन मन से सहयोग कर रहे हैं।

## नहीं थम रहा है मनरेगा योजना में लूट का सिलसिला, विभाग ने साधी चुप्पी




**संवाददाता**

**नोनीहाट(दुमका)** । जरमुंडी प्रखंड के विभिन्न गांवों में मनरेगा योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता थमने का नाम नहीं ले रहा है। कूप व तालाब खुदाई में अनियमितता के बाद अब नया मामला पेटसार पंचायत के कोरडीहा गांव में बन रहे आंगनबाड़ी भवन के निर्माण में देखने को मिला है। यहां प्राक्कलन के विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। योजना स्थल पर ग्रामीणों के जानकारी से संबंधित सूचना पट भी नहीं लगाया गया है। निर्माण कार्य के ईंट जोड़ाई में चिमनी ईंट के साथ बंगला ईंट भी प्रयोग में लाया गया है। जबकि नियम है कि केवल चिमनी ईंट से ही आंगनबाड़ी केंद्र का पूरा निर्माण होना चाहिए। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा होने लगा है। इसके अलावा छत की ढलाई में 8 एमएमएम और 10 एमएम छड़ को मिला कर इस्तेमाल किया गया है। जानकारी के अनुसार. आंगनबाड़ी भवन का निर्माण करीब 4 लाख 62 हजार रूपए मनरेगा तथा कल्याण विभाग के द्वारा 2 लाख रुपये जो कि कुल 6 लाख 62 हजार की लागत से बन रहा है। लेकिन इस आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण को देख कर किसी भी प्रकार से यह प्रतीत नहीं हो रहा है कि इतनी राशि इस आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में खर्च भी होगी। मनरेगा जो सिर्फ एक योजना नहीं बल्कि एक अधिनियम और इस अधिनियम के उल्लंघन पर सरकार द्वारा सख्त कार्यवाही की व्यवस्था भी की गई है। मगर फिर भी बिचौलिए खुलेआम सभी नियम और कानून को ताक पर रखकर अवैध रूप से मनरेगा योजना में प्राक्कलित राशि की लुट करने में व्यस्त है। और ये सारी लाभकारी योजनाएं धीरे-धीरे बिचौलियों के लूट का शिकार हो रही है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि खबर प्रकाशन के बाद संबंधित विभाग इस मामले पर संज्ञान लेती है या नहीं।

## मध्याह्न भोजन की सूचना एस.एम.एस. के माध्यम करे, नहीं तो होगी करवाई : बीईईओ


**जामा(दुमका)** । मासिक गुरू गोष्ठी एवं सी.आर.पी. को निर्देशित करने के वावजूद भी कई विद्यालयों द्वारा मध्याह्न भोजन का एस.एम.एस. नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है। इस पर संज्ञान लेते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी ने पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी ने बताया कि लगातार सूचना प्रेषित करने के बाद भी मध्य विद्यालय विराजपुर, मध्य विद्यालय पंचरुखी, मध्य विद्यालय ऊपर बहाल प्राथमिक विद्यालय नकटी परगाडीह एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम टांड़ द्वारा मध्यान भोजन योजना का एसएमएस नहीं किया जा रहा है जो अत्यन्त खेदजनक है। ज्ञातव्य हो जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा इसकी समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है। जिसमें कुछ विद्यालय द्वारा लापरवाही बरतने की बात सामने आई है। मध्याह्न भोजन योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका अनुपालन माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया जाता है। इस मामले में जिन विद्यालयों के द्वारा एस.एम.एस. नहीं किया गया है वे स्पष्ट मन्तव्य के साथ अपना स्पष्टिकरण प्रस्तुत करेगें कि किन परिस्थितियों में आपके द्वारा एस.एम.एस. नहीं किया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं होने पर आपका वेतन मानदेय स्थगित कर दिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल



**नोनीहाट।** एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी तथा एक की मौत हो गई है। यह घटना शुक्रवार के शाम नोनीहाट हंसडीहा मुख्य पथ पर चंद्रदीप पेट्रोल पंप के समीप हुई है। दो युवक स्कूटी में सवार होकर दुमका की ओर से हंसडीहा की ओर जा रहे थे पेट्रोल पंप के समीप एक गिट्टी लोड बड़ी ट्रक सड़क के बाएं और खड़ी थी सामने से आ रही गाड़ी के रोशनी से स्कूटी सवार सड़क के बाई और खड़ी ट्रक नहीं देख सके गाड़ी के पीछे जोरदार टक्कर मार दी जिससे चालक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई है पीछे बैठे युवक गंभीर रूप से जख्मी है दोनों को एंबुलेंस पर उठा कर दुमका बेहतर इलाज के लिए ले जाया गया है घटना की सूचना पाकर हंसडीहा खाने से विनोद सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल पहुंचकर कुछ देर के लिए हुई सड़क जाम को मृतक तथा जख्मी को दुमका भेजने के बाद यातायात चालू करवाया दोनों दोनों की पहचान नहीं हो पाई है स्कूटी के नंबर को सर्च करने पर जहांगीर अंसारी के नाम से स्कूटी निबंध है।

## 5 युवक पर मारपीट का मामला दर्ज




**मसलिया।** थाना क्षेत्र के दलाही निवासी आशा देवी ने अपने बेटी के दामाद सीताराम रजवाड़ के साथ हुई मारपीट को लेकर दलाही के ही 5 युवक के विरुद्ध मसलिया थाना में मामला दर्ज कराई है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार आशा देवी के दामाद सीताराम रजवाड़ दलाही में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग के दुकान करता है। जंहा विपक्षी हलधर महतो, श्यामसुंदर रजवाड़, दिनेश रजवाड़, संगम महतो एवं बजरंगी महतो ने हार्वे हथियार से लैश होकर सीताराम रजवाड़ के दुकान में आया तथा बोले कि तुम बाहर से आकर यंहा दुकानदारी करता है इसलिए उपरोक्त सभी ने 50 हजार रुपये रंगदारी की मांग की। इधर सीताराम रजवाड़ द्वारा इसका प्रतिवाद किए जाने पर उपरोक्त सभी ने मिलकर सीताराम रजवाड़ को गाली गलौज करते हुए लोहे की रड से जान मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिससे सीताराम रजवाड़ की सिर तीन जगह फट गया। सीताराम रजवाड़ रड को हाथ से रोकने की प्रयास में दोनों हाथ भी टूट गया। अपनी पति सीताराम रजवाड़ को बचाने के प्रयास में उसकी पत्नी रीता देवी के साथ भी मारपीट की। जिससे रीता देवी का कमर एवं बदन में चोटे आई है। वर्तमान में सीताराम रजवाड़ का इलाज देवघर नर्सिंग होम में चल रहा है। जंहा उसको आईसीयू में रखा गया है।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686